वर्ष : 33 » अंक : 152 » पृष्ठ : 8 » मुंबई, शनिवार, 17 अगस्त 2024 » RNI: MAHHIN/49994/91 » मूल्य : 3 रुपए » epaper.dobajedopahar.com » संपादक : अरुण लाल




दो बजे
# दोपहर
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## मुश्किल में BJP के नारायण राणे

- संसदीय निर्वाचन रद्द करने के लिए बाम्बे हाई कोर्ट में याचिका
- बॉम्बे हाई कोर्ट ने भेजा समन

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र से जीते पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार नारायण राणे को समन जारी किया है। शिवसेना उद्धव ठाकरे पार्टी के हारे उम्मीदवार पूर्व सांसद विनायक राउत ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राणे की जीत को चुनौती दी है। कोर्ट ने नारायण राणे और चुनाव आयोग को समन का जवाब 12 सितंबर तक देने का निर्देश दिया है। याचिका के माध्यम से राउत ने मांग की है कि, सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव रद्द किया जाना चाहिए और नारायण राणे को अगले पांच वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

### नारायण राणे पर उद्धव गुट के नेता ने लगाया आरोप

रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए सार्वजनिक प्रचार 5 मई 2024 को समाप्त हो गया था। आरोप यह है कि, नारायण राणे के समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता डमी ईवीएम मशीन पर चुनाव चिन्ह कमल दिखाकर प्रचार कर रहे थे। कुछ जगहों पर उनके कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को पैसे की तरह इस्तेमाल किया। इस बारे में कुछ वीडियो भी वायरल हुए। आरोप है कि, राणे और उनके समर्थकों ने मतदाताओं को प्रभावित करके वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया है। दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि, नारायण राणे और उनके समर्थकों ने चुनाव प्रचार में अवैध तरीकों का इस्तेमाल किया और भ्रष्ट आचरण के माध्यम से मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास किया।

विधानसभा चुनाव 2024

# दो राज्यों में बजा चुनावी बिगुल

## जम्मू कश्मीर में 3 और हरियाणा में 1 चरण में होगा मतदान

## जन्नत में जम्हूरियत का जश्न



**एजेंसी । श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जम्मू-कश्मीर में तीन चरण में मतदान होगा। 18 सितंबर को पहले चरण का मतदान होगा। 25 सितंबर को दूसरा फेज की वोटिंग होगी। एक अक्तूबर को तीसरा चरण का मतदान होगा। जबकि चार अक्तूबर को मतगणना होगी।

### जम्मू कश्मीर में चुनाव का पूरा शेड्यूल

- जम्मू कश्मीर में पहले फेज के लिए गैजेट नोटिफिकेशन 20 अगस्त को जारी होगा, वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 27 अगस्त होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अगस्त होगी। 18 सितंबर को चुनाव होंगे।
- दूसरे फेज के लिए गैजेट नोटिफिकेशन 29 अगस्त को जारी होगा, वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 5 सितंबर होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 9 सितंबर होगी। 25 सितंबर को चुनाव होंगे।
- तीसरे चरण के लिए गैजेट नोटिफिकेशन 5 सितंबर को जारी होगा, वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 12 सितंबर होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 17 सितंबर होगी। एक अक्तूबर को चुनाव होंगे।

## हरियाणा में चुनावी रण का ऐलान

**एजेंसी । चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। प्रदेश में मतदान और परिणाम की तारीखों का एलान हो गया है। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों के लिए एक अक्तूबर को मतदान होगा। चार अक्तूबर को रिजल्ट आएगा। वोटर सूची 27 अगस्त को जारी होगी। इस बार हरियाणा में स्लम और मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में अलग से पोलिंग बूथ लगाए जाएंगे। गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत में सोसाइटी में पोलिंग स्टेशन बनेंगे। हरियाणा में 20,629 पोलिंग स्टेशन होंगे। सभी पोलिंग स्टेशन सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे और वोटर हेल्पलाइन की वेबसाइट जारी रहेगी।

### ये है सीटों का समीकरण

हरियाणा विधानसभा में 90 सीटें हैं। बहुमत के लिए 46 का आंकड़ा चाहिए। पिछली बार भाजपा 40 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। इसके बाद भाजपा ने दस सीटें जीतने वाली जजपा के साथ मिलकर सरकार का गठन किया था। कांग्रेस को 31 सीटें मिली थीं। एक-एक सीट इनेलो और हलोपा के खाते में आई थी। सात सीटें निर्दलीयों ने जीती थी।

### 2.01 करोड़ मतदाता पंजीकृत

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल की ओर से आयोग की टीम को बताया गया कि दो अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची के अनुसार राज्य में कुल 2.01 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें लगभग 1.06 करोड़ पुरुष और 95 लाख महिला मतदाता हैं। राज्य में 4.52 लाख से अधिक मतदाता (18-19 वर्ष) पहली बार मतदान करेंगे। 85 वर्ष से अधिक आयु के 2.55 लाख मतदाता और 1.5 लाख दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। 100 साल की आयु के 10 हजार से अधिक मतदाता हैं। अंतिम मतदाता सूची 27 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी।

## तीन मेट्रो रेल प्रोजेक्ट को मंजूरी

**मुंबई/नई दिल्ली।** कैबिनेट ने 16 अगस्त को कर्नाटक और महाराष्ट्र में तीन मेट्रो रेल प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इन प्रोजेक्ट की कुल अनुमानित लागत लगभग 30,765 करोड़ रुपए है। कैबिनेट ने बैंगलोर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट फेज-3 के दो कॉरिडोर को मंजूरी दी है, जिसकी कुल लागत 15,611 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

### ठाणे रिंग मेट्रो प्रोजेक्ट को मंजूरी

ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल प्रोजेक्ट को भी मंजूरी दी गई, जिसकी कुल लागत 12,200 करोड़ रुपए होगी। सरकार के बयान के अनुसार, यह प्रोजेक्ट नौपाड़ा, वागले एस्टेट, डोंगरीपाड़ा, हीरानंदानी एस्टेट, कोलशेत, साकेत जैसे प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ेगी।

### पुणे मेट्रो प्रोजेक्ट मंजूर :

कैबिनेट ने पुणे मेट्रो फेज-1 प्रोजेक्ट के दक्षिण की ओर स्वारगेट से कात्रज तक 5.46 किलोमीटर तक विस्तार को भी मंजूरी दी। प्रोजेक्ट की कुल लागत 2,954.53 करोड़ रुपए है और इसे 2029 तक चालू किया जाना है।

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री

महाराष्ट्र शासन
महिला व बाल विकास
WOMEN & CHILD DEVELOPMENT

पर्व महिला सक्षमीकरणाचे

मुख्यमंत्री
माझी लाडकी बहीण योजना

शुभारंभ सोहळा

शुभहस्ते
एकनाथ शिंदे, मुख्यमंत्री | मुरलीधर मोहोळ, केंद्रीय राज्यमंत्री

प्रमुख उपस्थिती
देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री | अजित पवार, उपमुख्यमंत्री तथा पालकमंत्री पुणे जिल्हा
चंद्रकांत (दादा) पाटील, मंत्री, उच्च व तंत्र शिक्षण | दिलीप वळसे-पाटील, मंत्री, सहकार | डॉ. नीलम गोऱ्हे, उपसभापती, विधान परिषद

निमंत्रक
आदिती तटकरे
मंत्री, महिला व बालविकास

• दिनांक व वेळ •
शनिवार दि. १७ ऑगस्ट, २०२४ रोजी, दु. १२.३० वा.

• कार्यक्रम स्थळ •
श्री शिवछत्रपती क्रीडा संकुल, बॅडमिंटन हॉल, बालेवाडी, पुणे

जुलै व ऑगस्ट महिन्याचे एकूण रु.३००० पात्र महिलांच्या खात्यात जमा !

अधिक माहितीसाठी हेल्पलाइन नंबर : १८१
संकेतस्थळ : https://ladakibahin.maharashtra.gov.in/

देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री | एकनाथ शिंदे, मुख्यमंत्री | अजित पवार, उपमुख्यमंत्री | आदिती तटकरे, मंत्री, महिला व बाल विकास

DGIPR/2024-25/2096

महिला व बाल विकास विभाग, महाराष्ट्र शासन

# महाराष्ट्र श्रम विभाग के सहायक आयुक्त दाभाड़े पर एफआईआर दर्ज

## महिला टाइपिस्ट ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

दोपहर संवाददाता I मुंबई

पायधुनी पुलिस ने महाराष्ट्र सरकार के श्रम विभाग के सहायक आयुक्त दिनेश दाभाड़े के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार दाभाड़े पहले श्रम विभाग के अध्यक्ष थे, उन पर कॉन्ट्रैक्ट बेस पर काम करने वाली 36 वर्षीय महिला टाइपिस्ट ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में अभी गिरफ्तारी नहीं की है और मामले की जांच करने की बात कह रही है। हालांकि दाभाडे ने आरोपों का खंडन किया है और पुलिस जांच में सहयोग करने की बात कह रहें है। एफआईआर के अनुसार, पीड़िता अप्रैल 2019 से मस्जिद बंदर में 'मेटल, पेपर मार्किट एंड शॉप' में काम करती थी। जुलाई 2023 में दाभाड़े को विभाग के अध्यक्ष के रूप में अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। अपने पहले दिन, पीडिता कार्य अनुभव और योग्यता के बारे में जानने के बाद, उन्होंने सुझाव दिया कि वह लेखा विभाग में एक पद के लिए आवेदन करे। एफआईआर के अनुसार, उसने आवेदन दायर किया और एक सहकर्मी ने उसे बताया कि उसे लेखा विभाग में सहायक के रूप में पदोन्नत किया जाएगा।

### क्या है मामला?

*नवंबर 2023 में एक समन्वयक ने पीड़िता को बताया कि आयुक्त दाभाड़े उसे पदोन्नति आदेश पर चर्चा करने के लिए अपने केबिन में बुलाएंगे। इसके बाद एक दिन उसे दोपहर में बुलाया गया, इस दौरान दाभाड़े ने कथित तौर पर उसका हाथ पकड़ लिया और वादा किया कि अगर वह "उसे खुश करेगी" तो उसे पदोन्नति मिलेगी।*

### कर्मचारियों ने नहीं किया सहयोग

*इसके बाद पीड़िता ने जब जाने की कोशिश की, तो दाभाड़े कथित तौर पर उसका रास्ता रोक दिया और उसे पीठ पर हाथ लगाया और उससे "इस बारे में सोचने" के लिए कहा था। पीड़िता का आरोप है कि अगले छह महीनों में कर्मचारियों ने उनके साथ सहयोग करना बंद कर दिया और बाधाएं उत्पन्न कीं, जिसके बाद पीड़िता ने इस वर्ष 28 जुलाई को मुख्यमंत्री कार्यालय, श्रम मंत्री कार्यालय और श्रम विभाग के आयुक्त के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है।*

# म्हाडा और एसआरए में फ्लैट दिलाने के नाम पर 40 लोगों से ठगी

दीपक पवार I मुंबई

## दो आरोपी हुए गिरफ्तार

नेहरू नगर पुलिस ने म्हाडा और एसआरए योजनाओं में सस्ती दरों पर फ्लैट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक यूसुफ सौदागर के अनुसार आरोपियों के खिलाफ मुंबई के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में कई मामले दर्ज हैं, जो आपराधिक व्यवहार के पैटर्न को दर्शाता है। इसके अलावा, एक लोकप्रिय रियल एस्टेट वेबसाइट "99 एकड़ प्लेटफॉर्म" के माध्यम से भी लोगों को ठगा है। पुलिस के अनुसार, जून 2023 में नेहरू नगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया था। जिन्होंने फ्लैट दिलाने के नाम पर पांच लोगों से 40.96 लाख रुपए लिया था। डीसीपी हेमराज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक शाहीन देसाई और उनकी टीम ने हाल ही में दो आरोपियों प्रीतम ओसवाल (40) और एस पॉल सिंह (54) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लगातार अपना ठिकाना और मोबाइल फोन बदल कर पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहे थे। इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि इन्होंने इस तरह से 40 से अधिक लोगों को ठगा है। हालांकि दलवी और इमरान की तलाश की जा रही है जो फरार हैं।

### अपराधियों की मोडस ऑपरेंडी

पुलिस ने बताया कि आरोपी लोगों को सस्ते दामों पर फ्लैट देने का वादा करते थे, ताकि वे किफायती आवास के लिए उनकी बेताबी का फायदा उठा सकें। पुलिस जांच के दौरान यह पाया गया कि, मास्टरमाइंड ओसवाल एमबीए पास है, उसका काम है अख़बारों और विभिन्न प्लेटफार्मों पर विज्ञापन देना। जबकि सिंह और दलवी पीड़ितों के सामने खुद को म्हाडा और एसआरए अधिकारी बताते थे। इमरान का काम सस्ते दामों पर फ्लैट ढूंढना और प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन के लिए इसका इस्तेमाल करना था।

### म्हाडा ने सावधानी बरतने को कहा

बता दें कि महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) ने कुछ दिनों पहले मुंबई लॉटरी के 2030 घरों का ऐलान किया है, जिसे अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ म्हाडा के नाम का इस्तेमाल करके और फेक वेबसाइट बनाकर लोगों को ठगा जा रहा है। म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल ने इस विषय को लेकर लोगों को सावधानी बरतने के लिए कहा है। क्योंकि म्हाडा का फ्लैट किसी अन्य तरीके से वितरित नहीं किया जा सकता है।

# पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को दबोचा

दोपहर संवाददाता I पालघर

पालघर जिले में रिश्तों को कलंकित करने वाले एक पिता को पुलिस ने दबोचा है। पुलिस ने गोद ली हुई बेटी से दुष्कर्म के चार सालों से फरार आरोपी पिता को हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी अनिल बिडलान पर गोद ली गई अपनी 19 वर्षीय बेटी से सितंबर 2021 में नालासोपारा में अपने घर पर दुष्कर्म करने का आरोप है। आरोपी ने बलात्कार के बाद पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 376 (दुष्कर्म) सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। लेकिन बाद आरोपी मौके से फरार हो गया और अपनी असल पहचान छिपाकर उत्तराखंड के नवोदय नगर में रहने लगा। मामले की जानकारी एमबीवीवी को मिली इसके बाद जाल बिछाकर उसे उत्तराखंड से गिरफ्तार कर लिया गया।

# सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने अस्पताल और स्थानीय समुदायों को आवश्यक वस्तुओं को दान देकर मनाया स्वतंत्रता दिवस

दोपहर संवाददाता I मुंबई

मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने अध्यक्ष चित्रा यादव के नेतृत्व में सचिव रितु माथुर और सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ कार्यकारी टीम के अन्य सम्मानित सदस्यों के साथ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भायखला में भारत रत्न डॉ। बाबासाहेब अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल का दौरा किया।

अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने अस्पताल प्रशासन और इनडोर रोगियों को कई आवश्यक वस्तुएं प्रदान कीं, जिनमें 22 इंडक्शन कुक-टॉप, रियल मिक्स्ड फ्रूट जूस, सभी इनडोर रोगियों के लिए ब्रिटानिया न्यूट्री चॉइस डाइजेस्टिव बिस्कुट और तौलिए, बाल चिकित्सा वार्ड में नवजात शिशुओं के लिए बेबी सेट, बाल चिकित्सा वार्ड में बच्चों के लिए हॉर्लिक्स जार शामिल हैं। इन योगदानों के अलावा, सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने कल्याण के वलधुनी में लिटिल एंजेल्स नर्सरी स्कूल में जूस और बिस्कुट वितरित करके समुदाय के सबसे छोटे सदस्यों को अपना समर्थन दिया। संगठन ने भायखला अस्पताल के परिसर में स्थित चुनमुन क्रेच को भी दान दिया। दान में 10 तकिए, 15 तकिए के कवर, साथ ही बच्चों के लिए जूस और बिस्किट शामिल थे।

# उत्तर भारतीय भवन स्थल का मनसे ने किया विरोध

दोपहर संवाददाता I उल्हासनगर

उल्हासनगर शहर में हिंदी भाषी भवन के लिए जगह तय जगह पर अव विवाद होता दिखाई पड़ रहा है। उस जगह पर हिंदी भाषी को लुभावना सपना दिखाते हुए विधायक कुमार आयलानी ने अपनी विधायक निधि से 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके बाद मनसे नेताओं ने हिंदी भाषी भवन के स्थान को लेकर कड़ा विरोध किया है।

### उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने उठाया था मामला

भारतीय जनता पार्टी के उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने शहर के काफी दिनों से नागरिकों के लिए उत्तर भारतीय भवन की मांग करते आ रहे हैं। जिसके लिए उन्होंने बीजेपी विधायक कुमार आयलानी पर दबाव डाला और चेतावनी दी थी कि अगर जल्द ही उत्तर भारतीय भवन नहीं बनाया गया तो वह पार्टी से इस्तीफा दे देंगे और अपक्ष चुनाव लड़ेंगे। गुप्ता के इस रुख का शहर में भाजपा के उत्तर भारतीय नेताओं, कार्यकर्ताओं और अन्य दलों के अन्य उत्तर भारतीय नेताओं ने पूर्ण समर्थन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों से सभी राजनीतिक दलों द्वारा उत्तर भारतीय भवन की मांग को नजरअंदाज किया जा रहा है।

### 'जानबूझकर पैदा किया जा रहा है विवाद'

हालांकि, मनसे नेताओं ने इस भूखण्ड पर अपना कड़ा विरोध किया है। मनसे के स्थानीय नेता मैनुद्दीन शेख ने उत्तर भारतीय भवन की जगह पर आपत्ति जताई है और कहा है कि जिस जगह पर बाल शिवाजी उद्यान है, वहीं इमारत रहेगी। किसी भी हालत में यहां उत्तर भारतीय भवन बनाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यदि वे ऐसा करने का प्रयास करेंगे तो हम मनसे के स्टाइल में जवाब देंगे। मनसे कल्याण जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम उत्तर भारतीय भवन के विरोध में नहीं हैं, लेकिन जानबूझकर इस भवन के लिए बाल शिवाजी उद्यान की जगह देना मराठी-उत्तर भारतीय विवाद पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# माझी लाड़की बहिन योजना के लिए आधार लिंक जरूरी

दोपहर संवाददाता I ठाणे

अब 'मुख्यमंत्री-माझी लाडकी बहन' योजना के लाभ के लिए बैंक खाते को आधार से जोड़ा जाएगा। ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने बताया कि ठाणे जिले की महिलाओं ने 'मुख्यमंत्री-माझी लाड़की बहिन' योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन दायर किया है। इनमें कई महिलाओं के आवेदन पात्र हो गए हैं और उनके खातों में पैसा आना शुरू हो गया है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी महिलाओं के आधार लिंक बैंक खाते में हर महीने 1,500 रुपये जमा किए जाएंगे। इसके लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने संबंधित महिला के बैंक खाते को आधार से जोड़ने की अपील की है।

# डांबर कंपनी में लगी आग

दोपहर संवाददाता I ठाणे

मनपा के बालकुम प्रभाग समिती के अंतर्गत घोड़बंदर रोड स्थित ठाकुर कंपाउंड के पास नागला बंदर भायंदर पाढ़ा में मे। ए। आय। सी। प्रा। लि। डांबर कंपनी में साढ़े तीन बजे आग लगने की जानकारी आपदा प्रबंधन को मिलते ही बालकुम अग्निशमन विभाग घटना स्थल पर पहुचकर आग बुझाने के लिए जुट गये। इस घटना की विस्तृत जानकारी पूछे जाने पर मोबाइल से बातचीत में आपदा प्रबंधन के अधिकारी यासीन तड़वी ने बताया कि आग बुझा दिया गया है। किसी भी व्यक्ति को आगजनी में क्षति नही हुआ।

**कोलकाता रेप-मर्डर केस**

# आज भी बंद रहेंगी उल्हासनगर की ओपीडी सेवाएं

दोपहर संवाददाता I उल्हासनगर

कोलकाता में एक महिला डॉक्टर पर अत्याचार के बाद बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस चौंकाने वाली घटना के विरोध में उल्हासनगर मेडिकल एसोसिएशन ने शनिवार, 17 अगस्त 2024 को देशव्यापी बंद का आह्वान किया है। इस बंद के तहत ओपीडी सेवाएं पूरे दिन बंद रहेंगी। कलकत्ता की घटना ने पूरे चिकित्सा समुदाय में गुस्से और असुरक्षा की गहरी भावना पैदा कर दी है।

### नागरिकों से सहयोग करने की अपील

उल्हासनगर मेडिकल एसोसिएशन ने नागरिकों से इस बंद में सहयोग करने की अपील की है। इस दिन केवल आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं जारी रहेंगी, लेकिन नियमित जांच के लिए ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। महिला डॉक्टर की हत्या से मेडिकल क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। उल्हासनगर में चिकित्सा समुदाय ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और बंद में सक्रिय रूप से भाग लिया है। उल्हासनगर मेडिकल एसोसिएशन ने नागरिकों से इस बंद के दौरान अपनी स्वास्थ्य आवश्यकताओं का ख्याल रखने के लिए आवश्यक उपाय करने की अपील की है।

# महिला के कपड़े उतार कर पिटाई

दोपहर संवाददाता I उल्हासनगर

- दो महिलाओं समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज

### पैसे उधार में न देने पर पिटाई

*पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर -4 विटीसी ग्राउंड,गणपति मंदिर के पीछे की रहने वाली रंजीता भिकन लोखंडे (26) ने हिल लाइन पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में रंजीता ने बताया कि सुक्ष्मा भोसले को वह पहले से जानती है। 26 जून को सुक्ष्मा भोसले ने रंजीता से कुछ पैसे मांगे जो उसने देने से इनकार कर दी। इसी बात से नाराज सुक्ष्मा ने रंजीता के कपड़े उतार दिया। इससे उसको काफी शर्मिंदा उठाना पड़ा। यही नहीं सुषमा के कहने पर सुन्या ने उस महीने की आठ तारीख को उसे धमकी देते हुए जमकर पिटाई कर दी। रंजीता की शिकायत पर हिललाइन पुलिस ने शुक्ष्मा भोसले,सुन्या और आकाश के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।*

हिल लाइन पुलिस की हद में एक महिला ने पैसा मांगने पर नहीं दिया तो उसके कपड़े उतार कर पिटाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसमें दो महिलाओं का समावेश है।

# सर पर ईंट गिरने से चालक की मौत

दोपहर संवाददाता I उल्हासनगर

कल्याण-बदलापुर रोड पर स्थित वी.ए. बिजेनश पार्क नामक एक निर्माणाधीन साइट पर एक व्यक्ति के सर पर ईंट गिरने से मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, कल्याण-बदलापुर रोड पर स्थित वी.ए. बिजेनश पार्क नामक इमारत का निर्माण कार्य शुरु है। वसन्त कुशावा साठे अपनी बोलेरो पिकअप गाड़ी क्रमांक एम एच 05/ एफ जे400 से ईंट भरकर निर्माणधीन साइट पर इट छोड़ने गया था। सुपरवाइजर पुष्पक यादव ने गाड़ी चालक वसन्त को लिफ्ट के पास इट खाली करने को कहा। वसन्त जैसे ही लिफ्ट के पास ईंट खाली करने के लिए गाड़ी लगाकर निकल ही रहे थे कि तभी अचानक ऊपर से एक ईंट ऊपर से बसन्त के सर पर गिरा जिससे वसन्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सेंट्रल अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने वसन्त को मृत घोषित कर दिया।

# जगजीवन राम अस्पताल में अत्याधुनिक डीएसए कैथ लैब का उद्घाटन

दोपहर संवाददाता I मुंबई

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्रा ने 15 अगस्त 2024 को पश्चिम रेलवे के जगजीवन राम अस्पताल (JRH) में अत्याधुनिक डिजिटल सबट्रैक्शन एंजियोग्राफी (DSA) कैथ लैब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक (PCMD) डॉ. अनुराधा कोंडा, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक महेश चंद्र, मुंबई सेंट्रल के मंडल रेल प्रबंधक नीरज वर्मा, जगजीवन राम अस्पताल की चिकित्सा निदेशक डॉ. ममता शर्मा और वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित थे।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

एल. टी. एम. जी. अस्पताल, सायन, मुंबई-400022

नं.एलटीएच/एसडी/603/एम, दिनांकः 14/08/2024

**ई-महानिविदा सूचना**

यह एक ई-निविदा सूचना है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त (एमसीजीएम) नीचे दिए गए तीन पैकेट सिस्टम के अनुसार ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम:** एल.टी.एम.जी. अस्पताल के लिए कम्प. एपिड्यूरल लंबाई 18G 75Mm-110MM.

| अनु. क्र. | विवरण | ई निविदा की लागत(रु.) | अमानत जमा राशि (रु.) | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभ तिथि और समय | ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्प.एपिड्यूरल लंबाई 18G 75Mm-110MM. बोली संख्या-2024_ एमसीजीएम | रु. 1000+ जीएसटी @18 | रु. 20,000 | 16/08/2024 को सुबह 11.00 बजे | 23/08/2024 को सुबह 11.00 बजे |

इच्छुक निविदाकर्ता को निविदा के अधिक विवरण के लिए महानगरपालिका के वेबसाइट http//www.mcgm.gov.in पर जाना होगा।

निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

हस्ता./
डीन
एल.टी.एम.जी. अस्पताल, सायन

पीआरओ/980/विज्ञा./2024-25

**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**


रिक्शे से गांजा की तस्करी

# 10 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता I भिवंडी

भिवंडी में बड़ी संख्या में गांजा पीने वाले गजेडियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करती रही है। इसके बावजूद इन गजेडियों पर लगाम नहीं लग रहा था।अब क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक रिक्शे से 10 किलो गांजा लेकर जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

### लोगों के खिलाफ पुलिस ने एक्शन लेना किया शुरू

भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने भिवंडी के शांतिनगर पुलिस सीमा अंतर्गत कल्याण भिवंडी रोड़ स्थित भादवड़ पाइप लाइन नाका, सार्वजनिक शौचालय के बाजू से पानटपरी चालक रंजीत कुमार चौहान को हिरासत में लिया है जो अपनी पान की टपरी पर चोरी छिपे गांजा बिक्री कर रहा था। पुलिस ने इसके पास से 19,650 रूपये कीमत के 898 ग्राम गांजा जब्त किया है। वही पर कल शाम चार बजे के दरमियान इसी स्थान पर रेती बंदर रोड़,कल्याण शहर निवासी ऑटो रिक्शा ड्राइवर सलीम इब्राहिम खान गांजा बिक्री करने के लिए आया था। शांतिनगर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की तलाशी के दरमियान उसके पास से 10.430 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। शांतिनगर पुलिस ने रिक्शा सहित कुल 3.90 हजार रूपये का मुद्देमाल जब्त कर ली है। भिवंडी क्राइम ब्रांच व शांतिनगर पुलिस ने पिछले दो दिनों में अलग- अलग कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने इनके पास से 4 लाख 9 हजार 560 रूपये कीमत के 11.378 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। गत सप्ताह गुजरात एटीएस ने नदीनाका के एक रहीवासी इमारत में छापेमारी कर ड्रग्स फैक्ट्री का खुलासा किया था। एटीएस की इस कार्रवाई में 800 करोड़ की ड्रग्स (एमडी) जब्त की थी।

# भिवंडी फायर ब्रिगेड को मिली दो अत्याधुनिक गाड़ियां

दोपहर संवाददाता I भिवंडी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भिवंडी फायर ब्रिगेड विभाग में दो अत्याधुनिक दो गाडियां शामिल को शामिल किया गया , जिसका उद्घाटन भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने किया। इस अवसर पर फायर ब्रिगेड अधिकारी नितिन चौहान ने मनपा आयुक्त अजय वैद्य के समक्ष गाड़ियों का प्रदर्शन करके बताया। उन्होंने बताया कि इन फायर ब्रिगेड गाडियों के बारे में बताया कि पहली दमकल गाड़ी में वाटर ब्राउजर स्पेसिफिकेशन चेसिस 28 टन,इंजन पावर क्षमता दो सौ एचपी,वाटर टैंक 14,000 लीटर,सामान्य प्रेशर और हाई प्रेशर होल रील होज,दोनों तरफ 60 मीटर और मॉनिटरिंग 2000 लीटर पीएम,एक्सटेंशन लैंडर,35 फीट तक विभिन्न प्रकार के अग्नि और बचाव उपकरण शामिल है जबकि दूसरा दूसरी दमकल गाड़ी मल्टी पर्पज फायर टेंडर स्पेसिफिकेशन चेसिस 18.5 टन, इंजन पावर 180 एचपी, पानी की टंकी 5,000 लीटर,फोम टैंक 1000 लीटर, ड्राई केमिकल पाउडर की सुविधा,कार्बन डाइऑक्साइड की सुविधा,सामान्य दबाव उच्च दबाव नली रील,नली साठ मीटर,निगरानी और सीढ़ी ऊपर 35 फीट तक की विभिन्न प्रकार की फायर यूनिफॉर्म से लैस है।

दो बजे
# दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## महाराष्ट्र चुनाव न कराने पर एमवीए ने आयोग की आलोचना की

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) ने महाराष्ट्र का चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं करने के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सत्तारूढ़ महायुति अपने झूठे वादों के साथ राज्य के लोगों को 'मूर्ख बनाने के लिए और समय चाहती है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात के बावजूद, ईसीआई ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के साथ महाराष्ट्र में चुनाव नहीं कराने के कारणों में से एक के रूप में 'सुरक्षा बलों की कमी का हवाला दिया। पूर्व राज्य मंत्री ने महाराष्ट्र के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा न करने के लिए चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा, 'तो फिर जम्मू-कश्मीर में भाजपा के मजबूत नेतृत्व के तहत क्या बदल गया है? आतंकवादी हमले बढ़ रहे हैं, जो एक तथ्य है। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने तर्क दिया कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति चुनाव आयोग की मदद से समय का इंतज़ार कर रही है।

**अनमोल विचार** परिस्थितियों पर विचार न करनेवाला व्यक्ति मूर्ख होता है : अमृतलाल नागर

## 'पीएम ने पद का नहीं किया सम्मान'

राहुल गांधी को पीछे बिठाने पर शरद पवार को याद आए अटल बिहारी और सुषमा स्वराज

**मुंबई।** लाल किले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में राहुल गांधी की सीट को लेकर सियासत गरमा गई है। राहुल को समारोह में पांचवीं पंक्ति में बिठाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला था और इसे छोटी मानसिकता का प्रमाण बताया था। अब एनसीपी (शरद गुट) के प्रमुख शरद पवार ने भी इसे लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी को आखिरी पंक्ति में बिठाकर केंद्र ने विपक्ष के नेता के पद का सम्मान नहीं किया है।

### पीएम पर संसद का सम्मान न करने का लगाया आरोप

पवार ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री संसद का सम्मान नहीं करते हैं और दावा किया कि वह बजट सत्र के दौरान एक दिन के लिए भी सदन में नहीं आए। राकांपा (शपा) प्रमुख ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग संसदीय प्रक्रियाओं की कम परवाह करते हैं। उन्होंने कहा, 'केंद्र ने विपक्ष के नेता के पद का सम्मान नहीं किया। विपक्ष के नेता को आखिरी पंक्तियों में बैठाया गया।' शरद पवार ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री एक संस्था हैं, उसी तरह विपक्ष के नेता भी एक संस्था हैं। पीएम पद की प्रतिष्ठा बरकरार रखनी है, इसी तरह नेता प्रतिपक्ष के पद की प्रतिष्ठा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। पवार ने कहा, 'यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता (मल्लिकार्जुन) खड़गे या राहुल गांधी की प्रतिष्ठा का सम्मान किया जाएगा।

## 'वक्फ और मंदिर की संपत्ति को किसी को छूने भी नहीं दूंगा'

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वह किसी को भी वक्फ बोर्ड और मंदिरों की संपत्तियों को हाथ नहीं लगाने देंगे। उद्धव ने सीएम पद को लेकर भी अहम बात कही और कहा कि वह महाविकास अघाड़ी गठबंधन में सीएम पद को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

**'वक्फ संपत्ति को किसी को छूने नहीं दूंगा'**

उद्धव ठाकरे ने कहा कि 'मैं ऐलान कर रहा हूं कि अगर वक्फ बोर्ड या किसी मंदिर और धार्मिक संपत्ति को किसी ने छूने की भी कोशिश की तो मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। यह मेरा वादा है। यह किसी बोर्ड का सवाल नहीं है बल्कि यह हमारे मंदिरों का मामला है। जैसा कि शंकराचार्य ने कहा है कि केदारनाथ मंदिर का 200 किलो सोना चोरी हुआ, तो इसकी जांच होनी चाहिए।'

### उद्धव ठाकरे ने फिर उठाया सीएम फेस का मुद्दा

जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद साफ हो गया है कि महाराष्ट्र में चुनाव अपने समय पर होंगे। शुक्रवार सुबह जैसे ही आयोग के प्रेस कांफ्रेंस करने की जानकारी सामने आई वैसे ही हलचल शुरू हो गई कि क्या चुनाव आयोग महाराष्ट्र के लिए भी तिथियों का ऐलान करेंगे? हालांकि कुछ देर में स्थिति साफ हो गई, क्यों आयोग ने अभी तक महाराष्ट्र में चुनावी तैयारियों का जायजा नहीं किया। हालांकि इस सब सियासी सरगर्मी के बीच शिवसेना यूबीटी चीफ और राज्य में पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा कि आयोग को आज ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की घोषणा करनी चाहिए। महाराष्ट्र विकास अघाडी (MVA) एक साथ लड़ने के लिए तैयार है, हालांकि इस मौके पर उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर यह कह दिया कि वह इस विचार का समर्थन नहीं करते कि सबसे ज़्यादा विधायकों वाली पार्टी को मुख्यमंत्री पद मिले।

## '1500 में रिश्ते नहीं बिकते'

### लाड़ली बहना योजना पर सुप्रिया सुले ने सरकार पर कसा तंज

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाविकास अघाड़ी ने विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया। अघाड़ी की बैठक में विपक्षी नेताओं ने राज्य में बदलाव लाने की अपील की। बैठक में उद्धव ठाकरे खूब गरजे वहीं शरद पवार गुट की सांसद सुप्रिया सुले ने भी महाराष्ट्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। सुप्रिया का निशाना खास तौर पर राज्य सरकार की नई लाड़ली बहना योजना पर था। उन्होंने इशारों इशारों में अजित पवार पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव तक प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाइयों को अपनी बहनों की याद नहीं आई, लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले बहनों की याद आ गई है। सुप्रिया सुले ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आखिर अभी क्यों लाड़ली बहना योजना लाई गई है। उन्होंने कटाक्ष किया ये सरकार कह रही है कि एक बहन गई तो क्या हुआ? एक और बहन आएगी। मैं इन भाइयों से कहना चाहती हूं कि ये रिश्ता 1500 रुपये में बिकने वाला नहीं है। सुप्रिया सुले ने कहा कि ये तो रिश्ते का अपमान है। यह भाई-बहन के रिश्ते का अपमान है। बहन और भाई के बीच सिर्फ प्यार होता है, इसकी कीमत नहीं होती।

**भाई बहन के रिश्ते की कीमत नहीं होती**

एनसीपी शरद गुट की नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि इस सरकार ने भाई बहन के रिश्ते की कीमत लगाकर बड़ा पाप किया है। इस सरकार ने प्यार और व्यापार को सिर्फ वोट समझ लिया है। उन्होंने कहा कि अगर बिजनेस में प्यार है तो रिश्ता फलेगा-फूलेगा और अगर रिश्ते में केवल बिजनेस है तो प्यार नहीं होगा।

**पैसे वापस लेने के बयान पर भी हमला**

सुप्रिया सुले ने एक सत्ताधारी विधायक के बयान के हवाले से भी हमला किया। उन्होंने कहा कि विधायक कह रहे हैं कि चुनाव के बाद योजना का पैसा वापस ले लेंगे। जिन महिलाओं ने उनको वोट नहीं दिया, उनसे कहा जा रहा है कि उनके पैसे वापस ले लिये जायेंगे। इस पर सुप्रिया सुले ने चेतावनी जारी की पैसे निकाल कर दिखाओ।

### जल्द से जल्द टिकट देने की अपील

इस दौरान उन्होंने अघाड़ी नेताओं को जल्द से जल्द टिकट देने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि जल्दी टिकट मिलने पर नेता फील्ड में जुटेंगे। हम देश और राज्य का माहौल बदलना चाहते हैं। हमें अगले पांच साल तक काम करना है। बस 90 दिनों के लिए सब एक साथ आ जाएं।

## झोपड़ी में रहने वालों की दुर्दशा पर हाईकोर्ट ने जताई चिंता

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने प्राइवेट डेवलपर्स के हाथों शिकार बनने वाले झुग्गीवासियों की दुर्दशा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य मुंबई को झुग्गी-झोपड़ी मुक्त शहर बनाना होना चाहिए। जस्टिस जीएस कुलकर्णी और सोमशेखर सुंदरेसन की पीठ ने महाराष्ट्र स्लम एरिया (सुदार, निक्सी और पुनर्विकास) एक्ट की कार्यान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। अदालत ने कहा, ₹लक्ष्य मुंबई, जिसे अंतरराष्ट्रीय शहर माना जाता है और जो भारत की वित्तीय राजधानी है, उसे झुग्गी-झोपड़ी मुक्त शहर बनाना है। हमें एक बिलकुल झुग्गी-झोपड़ी मुक्त शहर बनाना होगा। यह एक्ट (अधिनियम) हमें मुंबई को झुग्गी-झोपड़ी

मुक्त शहर बनाने में मदद करेगा।₹ जुलाई में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार एक्ट का परफॉर्मेंस ऑडिट करने के लिए पिछले सप्ताह पीठ का गठन किया गया था।

**20 सितंबर को अगली सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट ने अधिनियम की कार्यप्रणाली पर चिंता जताई। उन्होंने सतत विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। पीठ ने झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण और अन्य पक्षों को अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को तय की। अदालत ने सवाल करते हुए कहा, ₹भविष्य के बारे में सोचिए। अगले 100 वर्षों में यही होगा। क्या वहां सिर्फ गगनचुंबी इमारते ही रहेंगी? क्या हमें खुले स्थानों की जरूरत नहीं? लंदन जैसे अन्य शहरों का उदाहरण देते हुए अदालत ने कहा, हमें सतत विकास की जरूरत है। हम केवल कंक्रीट का जंगल नहीं बना सकते, जिसमें कोई खुली जगह न हो। अदालत ने झोपड़पट्टी पुनर्विकास परियोजनाओं में देरी को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, ₹हम वास्तव में झुग्गीवासियों की दुर्दशा कोलेकर चिंतित हैं। केवल इसलिए कि आप झुग्गी-झोपड़ी में रहते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आपको डेवलपर्स पर छोड़ दिया जाए। झुग्गीवासी उन डेवलपर्स के हाथों पीड़ित हैं जो काम करने का इरादा नहीं रखते। इस स्थिति में सरकार और झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण मूकदर्शक बनकर बैठे हैं। अदालत ने कहा कि पुनर्विकास परियोजना का निर्माण और उसका रख-रखाव उच्चतम गुणवत्ता का होना चाहिए। ऐसा न हो कि 10 साल बाद फिर से इमारत दोबारा विकास करना पड़े। रखरखाव के अभाव में ये जर्जर हो रहे हैं। कोर्ट ने सरकार को प्रवासी नागरिकों के लिए किराये की आवास या किराए की नीति पर विचार करने का भी सुझाव दिया।

## महाराष्ट्र में बीजेपी को झटका

**पूर्व सांसद शिशुपाल पटले कांग्रेस में शामिल**

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी को झटका लगा है। राज्य की सत्ता पर शिवसेना और एनसीपी के साथ काबिज बीजेपी के पूर्व सांसद ने पार्टी को छोड़ कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। बीजेपी के पूर्व सांसद ने कांग्रेस में शामिल होने के साथ ही पार्टी पर निशाना साधा है। शिशुपाल पटले ने प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले को लिखे त्यागपत्र में दुख जताते हुए कहा कि अब बीजेपी में अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी का युग खत्म हो चुका है। शिशुपाल पटले ने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले की मौजूदा में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। भंडारा जिला परिषद के अध्यक्ष रहे पटले ने 2004 लोकसभा चुनावों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल को हराया था।

**पोवार समुदाय के नेता हैं पटले**

शिशुपाल पटले भंडारा-गोंदिया जिले की राजनीति में पोवार समुदाय का बड़ा चेहरा माने जाते हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पटले का इस्तीफा भंडारा में बीजेपी के लिए बड़ी क्षति है। भंडारा और गोंदिया जिलों में बड़ी संख्या में अनुयायी हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद शिशुपाल पटले ने कहा कि उन्होंने कई वर्षों तक बीजेपी में काम किया लेकिन अब वह बीजेपी में नहीं हैं। यह अब व्यापारियों और ठेकेदारों की पार्टी बन गई है। इस पार्टी को किसानों और आम लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी दल को तोड़कर सत्ता हासिल करने की चाहत हम जैसे कार्यकर्ताओं को पसंद नहीं है। शिशुपाल पटले ने कहा कि इस देश और राज्य के लोगों को न्याय देने और राज्य को आगे ले जाने का काम केवल कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है, इसलिए हम प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के नेतृत्व में विश्वास के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से पूर्वी विदर्भ में कांग्रेस पार्टी का संगठन मजबूत होगा।

### नाना पटोले ने किया प्रहार

इस मौके पर पटोले ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के गलत व्यवहार के खिलाफ लोगों में काफी गुस्सा है। इस सरकार के कार्यकाल में किसान, मजदूर, महिलाएं, छात्र, युवा, व्यापारी, मध्यम वर्ग संतुष्ट नहीं है। भ्रष्ट महागठबंधन सरकार ने राज्य को दिवालिया बना दिया है. हर काम में 40-50 फीसदी कमीशन लिया जा रहा है। पटोले ने कहा कि कमीशन दो और टेंडर लो यही काम प्रदेश में चल रहा है। इस सरकार ने किसानों, बेरोजगारों और आम लोगों को बेसहारा छोड़ दिया है। इसलिए लोगों में इस सरकार के खिलाफ काफी गुस्सा है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी और महायुति के घटक दलों के नेता इस सरकार के काम से खुश नहीं हैं, इसलिए पिछले कुछ दिनों में कई लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए और कई बड़े नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले हैं।

भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्य मुंबई क्षेत्र में 15 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आधिकृत संस्था भारत विकास परिषद माटुंगा-दादर शाखा का शुभारंभ किया हुआ। भारत विकास परिषद की पूरे भारत में 1500 से अधिक शाखाएँ हैं और अब माटुंगा-दादर शाखा खुलने से मध्य मुंबई क्षेत्र में भी राष्ट्रसेवा और समाजसेवा के कार्य होंगे एसा शाखा शुरू करने पर ऋषभ मारू ने बताया। आजादी पर्व के अवसर पर आज माटुंगा पश्चिम में भारत माता पूजन और ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## महाराष्ट्र के कई जिलों में हिंदूवादी संगठनों का प्रदर्शन

**मुंबई।** बांग्लादेश में राजनीतिक अराजकता के बाद हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक सहित कई जिलों में हिंदू समुदाय के कई संगठनों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का अन्य गुट की ओर से विरोध करने की वजह से नासिक के भद्रकाली इलाके में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इसी तरह छिटपुट घटना अहमदनगर, जालना में भी हुई है।



इन जिलों में किसी भी अप्रत्याशित घटना से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सकल हिंदू समाज की ओर से नासिक में सुबह से दुकानें बंद रखने की अपील की थी। अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखी लेकिन कुछ लोगों ने दुकानें बंद नहीं रखी थी। इसी वजह से भद्रकाली इलाके में दुकानें बंद कराने को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया था। इसी विवाद को खत्म करने का प्रयास कर रही पुलिस पर भीड़ ने पथराव किया, जिससे पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पहले आंसू गैस का इस्तेमाल किया और बाद में लाठीचार्ज किया।

## मुंबई में डाकघर निर्यात केंद्र पर कार्यशाला संपन्न

दोपहर संवाददाता । मुंबई

छोटे निर्यातकों की सहायता करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए डाक विभाग ने मुंबई में डाकघर निर्यात केंद्र पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को उस पहल के बारे में बताना था जो भारतीय डाक के माध्यम से छोटे निर्यातकों के लिए आसान और अधिक कुशल निर्यात प्रक्रियाओं की सुविधा प्रदान करती है । कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें के के शर्मा, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, महाराष्ट्र सर्कल; आर के मिश्रा, महानिदेशक विदेश व्यापार, विदेश व्यापार महानिदेशालय; सुचिता जोशी, पोस्टमास्टर जनरल, नवी मुंबई क्षेत्र और परेश मेहता, भारतीय निर्यात संगठनों के परिसंघ के अध्यक्ष प्रमुख रूप से शामिल थे ।

### ऑनलाइन पंजीकरण सत्र का आयोजन

कार्यक्रम का एक अतिरिक्त आकर्षण आईआईएम मुंबई के प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों द्वारा दिया गया व्याख्यान था, जिसमें प्रतिभागियों को सीमा पार ई-कॉमर्स के लिए हाइपर कनेक्टेड लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान की गई । आर के मिश्रा, एडिशनल डीजीएफटी के मार्गदर्शन ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यशाला में प्रश्नोत्तर रूपी एक समाधान सत्र भी रखा गया था, जिसमें विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों और चिंताओं का समाधान किया। इसके बाद डीएनके पोर्टल पर एक ऑनलाइन पंजीकरण सत्र आयोजित किया गया । निर्यातकों, उद्योग विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति के साथ ही एक अत्यंत सफल कार्यक्रम संपन्न हुआ । इससे भारत में छोटे निर्यातकों के विकास को बढ़ावा देने में डाक विभाग की प्रतिबद्धता को बल मिला ।

**दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई कार्यशाला की शुरुआत**

कार्यशाला की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई और इससे पूरे दिन की चर्चा के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ । इसके बाद मनोज कुमार, निदेशक डाक सेवाएं (डाक एवं व्यवसाय विकास) ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने भारत के छोटे निर्यातकों को सहायता प्रदान करने में डाक निर्यात केंद्र की पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय भाषण के के शर्मा ने दिया और सारे देश के निर्यातकों के लिए व्यापार करने में और अधिक सरलता लाने के लिए भारतीय डाक की प्रतिबद्धता पर जोर दिया । कार्यक्रम में डाक विभाग, भारतीय निर्यात संगठनों के परिसंघ (एफआईईओ) और रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) की ओर से प्रस्तुतियां भी दी गईं । इसमें प्रतिभागियों को निर्यात नियमों और अवसरों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान और अद्यतन जानकारी प्रदान की गई ।

## मुंबई पुलिस ने 6 दिनों के अंदर 25 लाख के सोने से भरे बैग को खोजा

**कैब में छूटा था बैग, ऊबर ड्राइवर ने पुलिस से की आनाकानी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में पुलिस ने 6 दिनों के अंदर 25 लाख रुपये के सोने से भरे बैग को खोज निकाला है। ये बैग एक व्यापारी का परिवार कैब में यात्रा के दौरान भूल गया था। घटना मुंबई के ओशिवारा थाना क्षेत्र की है। 10 अगस्त को मुंबई पुलिस को एक फोन आया, सामने से फोन करने वाले शख्स ने कहा कि उसका पैसों से भरा बैग कैब में रह गया है। उस बैग में 25 लाख रुपये का सोना है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर बैग की खोजबीन शुरू कर दी। शिकायत दर्ज करवाने वाले नजीर उल हसन नाम के शख्स ने बताया कि 9 अगस्त के दिन उनका परिवार एक कैब से यात्रा कर रहा था। कैब से उतरते वक्त उन्हें ध्यान नहीं रहा और उनका बैग अंदर ही छूट गया, जिसमें 25 लाख का सोना रखा हुआ था। व्यवसायी नजीर उल हसन ने इस बारे में जानकारी के लिए कैब के ड्राइवर को फोन लगाया लेकिन उसने ठीक से बात नहीं किया और बैग की बात पर आनाकानी करने लगा। इसके बाद उसने फोन कट कर दिया।

### व्यवसायी के उड़े होश

फोन कट करने के बाद नजीर उल हसन ने एक बार फिर ड्राइवर को फोन लगाया लेकिन उसके बाद उसने फोन नहीं उठाया। उबर ड्राइवर के इस व्यवहार से नजीर परेशान हो गए और उन्होंने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने पुलिस से कहा कि कैब से उतरते वक्त परिवार ने सभी सामान को बाहर निकाला लेकिन सोने वाला बैग अंदर ही छूट गया और अब कैब ड्राइवर फोन नहीं उठा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुंबई पुलिस के अधिकारी ने कैब ड्राइवर को कॉल किया और बात करने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर ने पुलिस को भी सबकुछ सही से नहीं बताया।

संपादकीय

# जनादेश का समय

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के साथ ही हरियाणा राज्य में विधानसभा चुनावों की घोषणा कर सियासी सरगर्मी को और बढ़ा दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद से ही खासकर जम्मू-कश्मीर में चुनाव की ज्यादा प्रतीक्षा हो रही थी। वहां चुनाव को ज्यादा समय तक टालना अब संभव नहीं था, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव के लिए 30 सितंबर की समय-सीमा खींच रखी थी, अतः अब तीन चरणों में मतदान के साथ चुनाव की घोषणा का स्वागत होना चाहिए। जम्मू-कश्मीर में 18, 25 सितंबर और 1 अक्तूबर को मतदान होंगे, जबकि हरियाणा में एक ही चरण में 1 अक्तूबर को मत डाले जाएंगे और नतीजे 4 अक्तूबर को आ जाएंगे। गौर करने की बात है कि पिछले दिनों मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने इन दोनों प्रदेशों का दौरा किया था। सबसे ज्यादा उत्साह इस बात का है कि कश्मीर में लोग चुनाव में भाग लेने को लालायित हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा भी है, 'हमने लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर में लोगों की लंबी कतारें देखी हैं, जिससे पता चलता है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहते हैं और बुलेट के बजाय बैलेट को प्राथमिकता देते हैं।' म्मू-कश्मीर में 87.09 लाख मतदाता 11,800 से अधिक मतदान केंद्रों पर वोट डालेंगे। इस बार मतदान का प्रतिशत अच्छा रहने की संभावना है। कश्मीर में माहौल बदला है और ज्यादा से ज्यादा लोग मुख्यधारा में आ रहे हैं। विगत दिनों से आतंकियों ने जिस तरह से हिंसा का सिलसिला चला रखा है, उससे भी पता चलता है कि आतंकी नहीं चाहते कि चुनाव हो और हालात सुधरे। कश्मीर में लोगों ने अगर लोकतंत्र को मजबूत कर दिया, तो फिर आतंकवाद को मुंह छिपाने की जगह नहीं मिलेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने विश्वास जताया है कि जम्मू-कश्मीर के लोग विघटनकारी ताकतों को उचित जवाब देंगे। चुनाव आयोग की दृढ़ता सराहनीय है। वहां चुनाव कराने में किसी भी तरह के भय की जरूरत नहीं है और सुरक्षा के तमाम जरूरी इंतजामात रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। आयोग ने साफ कर दिया है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पटरी से उतारने के लिए किसी भी आंतरिक या बाह्य दखल को मंजूरी नहीं दी जाएगी। कोई शक नहीं कि चुनाव से भी जरूरी काम कश्मीर में सुरक्षा बहाल रखना है। सुरक्षा एजेंसियों को अपनी खुफिया ताकत का इस्तेमाल करना चाहिए। हिंसा होने के बाद नहीं, बल्कि हिंसा होने से पहले ही सुरक्षा एजेंसियां मुंहतोड़ जवाब दें। अब राजनीतिक पार्टियों की भी जिम्मेदारी बढ़ गई है और लोगों को भी हिंसा के विरुद्ध पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर को जून, 2018 के बाद से ही चुनी हुई सरकार का इंतजार है। उसका इंतजार अब पूरा होने वाला है। जहां जम्मू-कश्मीर को नई सरकार मिलेगी, वहीं हरियाणा की 90 सीटों पर भाजपा तीसरी बार जीतने के इरादे से उतरेगी। वहीं कांग्रेस भी सत्ता में वापसी के लिए प्रयासरत है। किसानों की नाराजगी को मुद्दा बनाया जा रहा है। भाजपा को सत्ता विरोधी लहर का अंदाजा है, उसने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मार्च में ही अपना मुख्यमंत्री बदला है। हालांकि, हरियाणा में कांग्रेस की कुछ बढ़ी हुई ताकत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां से लोकसभा की आधी सीटों और आधे से भी ज्यादा वोटों पर उसका कब्जा हो गया है। अतः इस बार हरियाणा भी सबकी निगाह में होगा।

# वक्फ अधिनियम में संशोधन पर देश विभाजित

असद मिर्जा

वक्फ अधिनियम, 1995 की स्थापना औकाफ को विनियमित करने के लिए की गयी थी, जिसका अर्थ है वक्फ के रूप में दान की गयी और नामित वह संपत्ति जो एक वाकिफ द्वारा मुस्लिम कानून द्वारा पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त उद्देश्यों के लिए समर्पित करता है। प्रस्तावित संशोधन विभिन्न राज्य निकायों में मुस्लिम महिला सदस्यों को शामिल करके समावेशिता की बात करते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करने के कदम की धर्मनिरपेक्ष पार्टियों और मुस्लिम संगठनों दोनों ने कड़ी आलोचना की है। लेकिन यह इस तथ्य को भी उजागर करता है कि तथाकथित मुस्लिम नेता खुद अपने घर को सही करने के लिए तैयार नहीं हैं। कई राज्यों के वक्फ बोर्डों में कथित अनियमितताओं का फायदा उठाते हुए, सरकार ने इन नेताओं को देश की राजनीति में उनकी जगह दिखाने के लिए यह कदम उठाया है, इससे पहले ट्रिपल तलाक के मुद्दे पर उन्हें कड़ी फटकार लगायी गयी थी। प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, वक्फ बोर्ड द्वारा संपत्तियों पर किये गये सभी दावों का अनिवार्य सत्यापन किया जायेगा। वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गयी संपत्तियों के लिए एक अनिवार्य सत्यापन प्रक्रिया प्रस्तावित है।

वक्फ अधिनियम, 1995 की स्थापना औकाफ को विनियमित करने के लिए की गयी थी, जिसका अर्थ है वक्फ के रूप में दान की गयी और नामित वह संपत्ति जो एक वाकिफ द्वारा मुस्लिम कानून द्वारा पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त उद्देश्यों के लिए समर्पित करता है। प्रस्तावित संशोधन विभिन्न राज्य निकायों में मुस्लिम महिला सदस्यों को शामिल करके समावेशिता की बात करते हैं। दरअसल, मुस्लिम खुद इसके खिलाफ नहीं हैं, क्योंकि इस्लाम एक महिला को मुतवल्ली - वक्फ संपत्ति का प्रबंधक या किसी वक्फ बोर्ड का सदस्य होने की अनुमति देता है, क्योंकि यह एक प्रबंधकीय पद है और इसके लिए इस्लामी कानूनों के किसी विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती है, ऐसा दिल्ली स्थित इस्लामिकफिकह अकादमी से जुड़े एक मुफ्ती ने बताया। दरअसल, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में भी कई महिला सदस्य हैं, उन्होंने आगे कहा। इसलिए, यह बहाना व्यापक आबादी को गुमराह करने के लिए है कि मुसलमान विभिन्न वक्फ निकायों में एक महिला सदस्य को शामिल करने के खिलाफ हैं। इस विधेयक को लाने की नींव पिछले साल तब रखी गयी थी जब मार्च 2023 में वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। केंद्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया था कि वक्फ अधिनियम के एक या अधिक प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग 120 रिट याचिकाएं देश की विभिन्न अदालतों में लंबित हैं।

उपाध्याय ने वक्फ अधिनियम के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती दी थी और केंद्र से 'ट्रस्ट और ट्रस्टी, दान और धर्मार्थ संस्थाओं, और धार्मिक बंदोबस्ती और संस्थाओं के लिए एक समान कानून' बनाने का निर्देश मांगा था। याचिकाकर्ता ने कहा कि वक्फ अधिनियम 1995 वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन की आड़ में बनाया गया था, लेकिन हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म, सिख धर्म, यहूदी धर्म, बहाई धर्म, पारसी धर्म और ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए समान कानून नहीं थे। 'इसलिए, यह राष्ट्र की धर्मनिरपेक्षता, एकता और अखंडता के खिलाफ है।' यहां, यह पूछने पर मजबूर होना पड़ता है कि क्या सरकार भारत भर में विभिन्न ट्रस्टों को विनियमित करने के लिए उसी आधार पर तैयार होगी, जो बद्रीनाथ/केदारनाथ से लेकर तिरुपति तक विभिन्न मंदिरों का प्रबंधन करते हैं। क्या यह इन ट्रस्टों को महिला सदस्यों को शामिल करने के लिए मजबूर कर पायेगी, ताकि समावेशिता बढ़े? मामले को और जटिल बनाने और मुस्लिम समुदाय के बीच कलह के बीज बोने के लिए, सरकार कथित तौर पर बोहरा. आगाखानी और अन्य के लिए अलग वक्फ बोर्ड का गठन करना चाहती है। सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन की तैयारी के बीच, अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कानून में संशोधन के लिए 'गरीब मुस्लिम समूहों' की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही है। लेकिन वे इन 'गरीब मुस्लिम समूहों' की पहचान करने में विफल रहे। संशोधनों का समर्थन करने के लिए अब तक एकमात्र समूह अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीन परिषद (एआईएसएससी) है, जिसने सरकार के कदम का स्वागत किया है और निहित स्वार्थों पर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया है। लेकिन एआईएसएससी भारतीय मुसलमानों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है और इसके सदस्य के रूप में विभिन्न संप्रदायों के मुस्लिम मौलवी नहीं हैं।

प्रस्तावित कानून केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में 'मुस्लिम और गैर-मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व' सुनिश्चित करेगा। अब मुसलमानों के कल्याण से संबंधित संगठन में गैर-मुस्लिम सदस्यों को क्यों शामिल किया जाना चाहिए? एक बार फिर, पहले वाला सवाल उठता है कि क्या हिंदू मंदिर और धार्मिक ट्रस्ट किसी भी मुस्लिम को अपना सदस्य बनने की अनुमति देंगे? आलोचना से बचने के लिए सरकार यह तर्क देती है कि वह न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजिंदर सच्चर की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों और केआर रहमान की अध्यक्षता वाली वक्फ और केंद्रीय वक्फ परिषद पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट के आधार पर काम कर रही है, हालांकि उनकी सिफारिशों और अन्य हितधारकों के साथ विस्तृत परामर्श के बाद वर्ष 2013 में अधिनियम में व्यापक संशोधन किये गये थे। आईयूएमएल के ई. टी. मोहम्मदबशीर ने कहा कि सरकार की ओर से उठाया गया यह कदम गलत इरादे से उठाया गया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंकाचतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बजट पर चर्चा से भागना चाहती है और इसलिए वे वक्फ मुद्दे को लेकर आयी है। सीपीआई (एम) सांसद अमरा राम ने कहा कि भाजपा च्विभाजनकारी राजनीतिज्ञ् में विश्वास करती है और वक्फ बोर्डों को मजबूत करने के बजाय, वे उनमें हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रही है। एक अन्य सीपीआई (एम) सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का एकमात्र इरादा विभाजनकारी एजेंडे को बढ़ावा देना है। जेएमएम की महुआ माजी ने कहा कि एकतरफा दृष्टिकोण नहीं अपनाया जाना चाहिए और अगर कोई संशोधन किया जाना है, तो सरकार को सभी पक्षों की बात सुननी चाहिए। पंजाब वक्फ बोर्ड के सदस्य हाशिम सूफी ने कहा कि सरकार इस तरह के कदम उठाकर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच नफरत फैलाने पर आमादा है, जबकि वह इस बात को नजरअंदाज कर रही है कि वक्फ बोर्ड द्वारा संचालित संपत्तियों और संस्थानों का लाभ हिंदुओं और सिखों सहित सभी समुदायों के सदस्यों को समान रूप से मिलता है। जमीयतउलेमा-ए-हिंद ने जोर देकर कहा कि वक्फसंपत्तियों की स्थिति और प्रकृति में कोई भी बदलाव लाना या सरकार या किसी व्यक्ति के लिए उनका च्दुरुपयोगज्ज् करना आसान बनाना अस्वीकार्य है। प्रमुख मुस्लिम निकाय ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर वक्फ बोर्डों को कमजोर करने के लिए कोई कदम उठाया जाता है तो वह सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार है।

सहज योग

# एक नवनिर्माण की व्यवस्था

**आप लोगों ने इतनी देर तक मेरा भाषण सुना है,गुरु पूर्णिमा के दिन मुझे यही कहने का है कि इस जन्म में मैं गुरु हो गई और तो किसी जन्म में ये कार्य नहीं किया था। पहली मरतबा गुरु का कार्य करना पड़ा। शायद वो भी मां को ही गुरु होना पड़ता है। शायद वो भी मां को ही गुरु होना पड़ता है।**

जैसे एक साधारण सौम्य स्त्री होती है वैसे ही मैं हूं घर गृहस्थी का एक साधारण स्त्री हूं, ऐसा ही समझ लीजिए कुछ विशेष हूं ये सोचना ही नहीं। ऐसा ही सोचकर आइए। ये स्वतंत्रता भी होनी चाहिए। तभी आप पाएंगे चाहे आप दस हों, चाहे आप एक हो, हमारे लिए काफी है। इसके number से नहीं होता है हालांकि number भी, बढ़ाना होगा। Number जरूर बढ़ाना होगा। इसमें कोई शंका नहीं। कार्य जोरों में गर हो जाए तो हो सकता है। हालांकि परम ऊपर से बहुत अलग है। एक नव निर्माण के लिए एक नई चेतना के लिए, एक नए तरह के मानव की इसमें व्यवस्था की हुई है। इस Para Sympathetic में एक प्रेम है, एक ज्ञान है, एक सौन्दर्य शैली मनुष्य की रचना होनी ही पड़ेगी और होके ही रहेगी। आप लोगों ने इतनी देर तक मेरा भाषण सुना है,गुरु पूर्णिमा के दिन मुझे यही कहने का है कि इस जन्म में मैं गुरु हो गई और तो किसी जन्म में ये कार्य नहीं किया था। पहली मरतबा गुरु का कार्य करना पड़ा। शायद वो भी मां को ही गुरु होना पड़ता है। ये कलियुग का मामला है इसलिए नितांत परमात्मा की जो भी शक्ति है ये किसी मां के हृदय से बहे, उसी की करुणा और उसी के प्रेम में कुण्डलिनी को संजोया जाए और उस शिखर तक पहुंचा दिया जाए जहां पर कि वो अपने दोलन में अपने आनंद में अपने स्थान में विराजित हो। ये आज हमारे ही भाग्य में है, इसीलिए इस जन्म में ये गुरु का स्थान स्वीकृत किया है। मां गुरु बन जाए। ऐसा कहीं होना बड़ा कठिन है क्योंकि मां अत्यन्त कोमल होती है। गुरु तो मार भी देगा, पीट भी देगा डॉट भी देगा, लेकिन मार एक भी कठिन शब्द बोलते वक्त उसके हृदय में कचोटती है, तकलीफ होती है- बहुत ही, और जब वो देखती है कि मेरे बच्चे कितनी साधना से आए हुए हैं और इनको किस तरह से इनको संजोकर के संभाल करके, प्यार से उस किनारे ले जाना है।

तब उसकी जिम्मेदारी भी इतनी बढ़ जाती है। उसका सारा व्यक्तित्व ही दूसरा हो जाता है। लेकिन आदिकाल से ही लोग कहते आए हैं कि मां से बढ़कर गुरु कोई नहीं है। गुरु उसी को मानिए जो आपसे बड़ा हो, बड़ा हो, जो आपसे बड़ा परमात्मा हो। रामदासस्वामी ने गुरु के बारे में ऐसा कहा था कि गुरु उसे मानिए जो स्वयं तो पारस है ही दूसरों को छूते ही सोना नहीं बना देता उसे, पर पारस बना देता है। जैसा खुद है वैसा ही दूसरों को बना देता है। और इसीलिए ये मां स्वरूप चीज है मां बच्चों में होती है। बच्चों के गौरव में गौरव मानती है। इसलिए इस जन्म में शायद परमात्मा की यही इच्छा रही कि ये प्रेम और ये ज्ञान एक मां के अन्दर से आपको मिले।

अभी हम लोग ध्यान में जाएंगे इसके बाद में, आप लोग आर्तता से इसमें बैठे। अपने विचार,अपने विरोध, इनको छोड़ दें थोड़ी देर के लिए। इसलिए कि आपको अपना मंगल और कल्याण करना है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा

अमृतलाल नागर : जन्म- 17 अगस्त, 1916

जन्म

अमृतलाल नागर का जन्म 17 अगस्त 1916 को गोकुलपुरा, आगरा, उत्तर प्रदेश में हुआ था। वह हिन्दी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार थे। अमृतलाल नागर जी की मृत्यु 23 फ़रवरी 1990 को लखनऊ में हुई थी।

## अपनी परिस्थितियों पर विचार न करनेवाला व्यक्ति मूर्ख होता है



केवल चाहने से ही सब कुछ नहीं मिलता भगत। अपनी चाहना को पूरी करने के लिए भगवान को भी नर देह धरकर हाथ-पैर और मन-बुद्धि चलानी पड़ती है। मानस रचते समय मैं जिस ललक के साथ अपने जीवन मूल्यों के पूर्ण समुच्चय स्वरूप श्रीराम की कल्पना के साथ आठों पहर तल्लीन रहता था, तुम अपने तुलसीदास में क्या रह पाते हो! पापी लोग पुण्य शील महात्माओं के नैसर्गिक शत्रु होते है। मनुष्य का रूप, प्रकृति की शोभा सब नश्वर है। फिर ऐसे आधार पर टेका देने से लाभ ही क्या जो विश्वास का ठोसपन न लिए हुए हो? साधक को सिद्ध होकर भी तप से नहीं चूकना चाहिए। तीर्थंकर महावीर वद्धर्मान का यह सिद्धान्त सत्य है। रामभद्र परम उदार हैं। निन्दकों की कटु आलोचना। अपने संकल्प और कर्म को सदा तौलते रहना मेरा धर्म है। इससे साधू को शक्ति मिलती। पंडित के लिए केवल शास्त्र ही नहीं वरन् रामरूप आत्मविश्वास भी आवश्यक होता है। ध्यान-पट की श्यामता मन की तेज़ी से सिमटकर बीच में आने लगी। ध्यान-पट अरुण-पीत हो गया, जैसे किसी रंगमंच की काली जवनिका उठा दी गई हो। भाग्य का चमत्कार केवल लौकिक स्तर पर ही नहीं दिखलाई देता। मेरी धारणा है कि आपके समान परम भाग्यशाली व्यक्ति जगत में कदाचित् ही कोई हो। जो सिद्धि किसी को नहीं मिलती वह आपके लिए सहज सुलभ होगी। केवल चाहने से ही सब कुछ नहीं मिलता भगत। अपनी चाहना को पूरी करने के लिए भगवान को भी नर देह धरकर हाथ-पैर और मन-बुद्धि चलानी पड़ती है। सतत् अभ्यास से तुम्हारी साँस-साँस में यह गूँज भर जाएगी और फिर अपने-आप ही तुम्हें अपने सारे अध्ययन और पांडित्य का खरा अर्थबोध हो जायेगा। राम कहो और राम सुनो। कहो और सुनो। ठीक कहा, माया सचमुच धोबिन ही है। यह जीव में लिपटे अज्ञान रूपी मैल को धोकर उसका निर्मल रूप निखार देती है। अनगढ़ पत्थर सिर्फ ठोकरें खाता है, और देता भी है।

साधु यदि पेटू हो जाय तो फिर उसका निभाव भला क्योंकर हो सकता है? साधु होने के लिए केवल वेश ही तो आवश्यक नहीं होता।

प्रेरक प्रसंग

## लालच

एक दिन चरवाहा अपनी बकरियों को लेकर जंगल में चराने लगा। वहा जंगल में चरवाहा का बहुत सारी जंगली बकरिया भी दिखाई दिखाई दी। उसकी नियत बिगड़ गई उसने सोचा की यह जंगली बकरियों को में अपनी बकरियों के साथ में मिला लेता हु। चरवाहा जंगली बकरियों का सभी तरह से देखभाल करने लगा। जंगली बकरियों के लालच में उनकी देखभाल में इतना व्यस्त हो गया की वह अपनी बकरियों का देखभाल करना ही भूल गया। जैसे बारिश का मौसम चला गया वैसे ही जंगली बकरिया मौका देखकर भाग गए। जब पता चला तो चारवाहा सोचने लगा कि कोई बात नही मेरी बकरियों तो मेरे पास है। अब सिर्फ मुझे अपनी बकरियों पर ही ध्यान देना होगा। पर बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि बकरियों बहुत कमजोर हो चुकी थी और कुछ दिनों में वे सभी बकरिया धीरे धीरे मरने लगी। उस जंगली बकरियों के चक्कर चरवाह अपनी बकरिया से भी हाथ धो बैठता है।

## सकारात्मक सोच

एक कंपनी में इंटरव्यू चल रहा होता है जहा काफी युवक इंटरव्यू देने आते है। उन सभी कैंडिडेट में से सिर्फ दो युवक का चयन किया जाता है। कंपनी के लिए दुविधा हो जाती है की, दोनों में से किसे इस जॉब के लिए फाइनल किया जाए। कंपनी के हेड काफी एक-दूसरे से विचार विमर्श करने के बाद उनको तरकीब सुझती है। वह दोनों युवक को अलग-अलग बुलाया जाता है। उनके सामने एक गिलास में 50% पानी भर दिया जाता है। और उन्हें सवाल पूछा जाता है कि आपको इस गिलास में क्या दिखाई दे रहा है। पहला युवक कहता है कि मुझे यह गिलास आधा खाली दिखाई दे रहा। दूसरा युवक कहता है कि मुझे यह गिलास आधा भरा हुआ दिखाई दे रहा है। कंपनी के लिए दूसरा युवक का चयन करना आसान हो जाता है क्योंकि उन्हें उस युवक ने सकारात्मक दृष्टि दिखाई देती है। और उस पहले युवक में उसका नजरिया नकारात्मक दिखाई देता है। कंपनी वाले दूसरे युवक को उसकी सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण जॉब के लिए चुना जाता है। जिस व्यक्ति की विचारधारा सकारात्मक होती है उसके वाणी और वर्तन में भी वह झलकता है।

शख्सियत

मदन लाल ढींगरा

## महान देशभक्त और धर्मनिष्ठ क्रांतिकारी

शहीद मदन लाल ढींगरा एक महान देशभक्त, धर्मनिष्ठ क्रांतिकारी थे। उन्होंने भारत माता की आजादी के लिए जीवन भर कई तरह के कष्ट सहे लेकिन अपने रास्ते से नहीं हटे और आजादी पाने के लिए फांसी पर चढ़ गए। ढींगरा 'अभिनव भारत मंडल' के सदस्य होने के अलावा 'इंडिया हाउस' नामक संगठन से भी जुड़े थे, जो भारतीय छात्रों के लिए राजनीतिक गतिविधियों का आधार था।

मदन लाल ढींगरा का जन्म 18 सितंबर 1883 को अमृतसर में हुआ था। मदन लाल ढींगरा का जन्म 18 फरवरी 1883 को अमृतसर में एक सुशिक्षित हिंदू पंजाबी खत्री परिवार में हुआ था। उनके पिता एक सिविल सर्जन के रूप में सरकार के लिए काम करते थे। उन्होंने भारतीय गरीबी और अकाल के कारणों पर व्यापक शोध किया और निष्कर्ष निकाला कि इन मुद्दों का समाधान खोजने में मुख्य मुद्दे स्वराज (स्वशासन) और स्वदेशी थे। 1 जुलाई, 1909 की शाम को, मदन लाल ढींगरा ने इंपीरियल इंस्टीट्यूट में नेशनल एसोसिएशन के एट होम समारोह में भाग लिया। जैसे ही भारत के राजनीतिक सलाहकार सर कर्जन वायली अपनी पत्नी के साथ जा रहे थे, ढींगरा ने उन पर पांच गोलियां चलाईं, जिनमें से चार निशाने पर लगीं।

मदन लाल ढींगरा पर 23 जुलाई, 1909 को ओल्ड बेली में मुकदमा चलाया गया था। मुकदमे के दौरान, उन्होंने अपना प्रतिनिधित्व किया और कहा कि उन्हें कर्जन वायली की हत्या का कोई अफसोस नहीं है। अदालत में ढींगरा ने कहा कि उन्हें कर्जन वायली की हत्या का कोई अफसोस नहीं है क्योंकि उन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए सेवा की है। यह भारत में अमानवीय ब्रिटिश शासन का बदला लेने और ब्रिटिश सरकार द्वारा भारतीयों की अमानवीय हत्याओं के प्रतिशोध के रूप में किया गया एक कृत्य था। 17 अगस्त, 1909 को उन्हें दोषी पाया गया, मौत की सजा सुनाई गई और पेंटनविले जेल में फांसी दे दी गई।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

# रावण के जन्म की कथा

(भाग 2)

अब मैं तुम्हें रावण के जन्म की कथा सुनाता हूँ। राक्षसों के विनाश से दुःखी होकर सुमाली ने अपनी पुत्री कैकसी से कहा कि पुत्री राक्षस वंश के कल्याण के लिये मैं चाहता हूँ कि तुम परम पराक्रमी महर्षि विश्रवा के पास जाकर उनसे पुत्र प्राप्त करो। वही पुत्र हम राक्षसों की देवताओं से रक्षा कर सकता है। (क्रमशः)

तब उन जन्तुओं में से कुछ बोले कि हम इसका रक्षण (रक्षा) करेंगे और कुछ ने कहा कि हम इसका यक्षण (पूजा) करेंगे। इस पर ब्रह्माजी ने कहा कि जो रक्षण करेगा वह राक्षस कहलायेगा और जो यक्षण करेगा वह यक्ष कहलायेगा। इस प्रकार वे दो जातियों में बँट गये। राक्षसों में हेति और प्रहेति दो भाई थे। प्रहेति तपस्या करने चला गया, परन्तु हेति ने भया से विवाह किया जिससे उसके विद्युत्केश नामक पुत्र उत्पन्न हुआ। विद्युत्केश के सुकेश नामक पराक्रमी पुत्र हुआ। सुकेश के माल्यवान, सुमाली और माली नामक तीन पुत्र हुये। तीनों ने ब्रह्मा जी की तपस्या करके यह वरदान प्राप्त कर लिये कि हम लोगों का प्रेम अटूट हो और हमें कोई पराजित न कर सके। वर पाकर वे निर्भय हो गये और सुरों, असुरों को सताने लगे। उन्होंने विश्वकर्मा से एक अत्यन्त सुन्दर नगर बनाने के लिये कहा। इस पर विश्वकर्मा ने उन्हें लंकापुरी का पता बताकर भेज दिया। वहाँ वे बड़े आनन्द के साथ रहने लगे। माल्यवान के वज्रमुष्टि, विरूपाक्ष, दुर्मुख, सुप्तघ्न, यज्ञकोप, मत्त और उन्मत्त नामक सात पुत्र हुये। सुमाली के प्रहस्त्र, अकम्पन, विकट, कालिकामुख, धूम्राक्ष, दण्ड, सुपार्श्व, संह्लादि, प्रधस एवं भारकर्ण नाम के दस पुत्र हुये। माली के अनल, अनिल, हर और सम्पाती नामक चार पुत्र हुये। ये सब बलवान और दुष्ट प्रकृति होने के कारण ऋषि-मुनियों को कष्ट दिया करते थे। उनके कष्टों से दुःखी होकर ऋषि-मुनिगण जब भगवान विष्णु की शरण में गये तो उन्होंने आश्वासन दिया कि हे ऋषियों मैं इन दुष्टों का अवश्य ही नाश करूँगा।

जब राक्षसों को विष्णु के इस आश्वासन की सूचना मिली तो वे सब मन्त्रणा करके संगठित हो माली के सेनापतित्व में इन्द्रलोक पर आक्रमण करने के लिये चल पड़े। समाचार पाकर भगवान विष्णु ने अपने अस्त्र-शस्त्र संभाले और राक्षसों का संहार करने लगे। सेनापति माली सहित बहुत से राक्षस मारे गये और शेष लंका की ओर भाग गये। जब भागते हुये राक्षसों का भी नारायण संहार करने लगे तो माल्यवान क्रुद्ध होकर युद्धभूमि में लौट पड़ा। भगवान विष्णु के हाथों अन्त में वह भी काल का ग्रास बना। शेष बचे हुये राक्षस सुमाली के नेतृत्व में लंका को त्यागकर पाताल में जा बसे और लंका पर कुबेर का राज्य स्थापित हुआ।

**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# ठंडे पानी की तुलना में तेजी से बर्फ में बदलता है गर्म पानी

## रहस्य या विज्ञान

क्या आपने कभी सोचा है कि गर्म पानी कभी-कभी ठंडे पानी की तुलना में तेज़ी से क्यों जम जाता है? यह अजीब लग सकता है, लेकिन यह सच है! इस आश्चर्यजनक तथ्य को 'एमपेम्बा इफेक्ट' कहा जाता है, जिसका नाम तंजानिया के एक छात्र, एरास्टो एमपेम्बा के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने इसे पहली बार 1963 में देखा था। आइए जानें कि यह मज़ेदार और सरल तरीके से कैसे काम करता है!

## 'एमपेम्बा इफेक्ट' क्या है?

'एमपेम्बा इफ़ेक्ट'तब होता है जब गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में तेज़ी से बर्फ में बदल जाता है। कल्पना करें कि आपके पास दो कप पानी है। एक गर्म है, और दूसरा ठंडा है। आप दोनों को फ़्रीज़र में रख देते हैं। गर्म पानी ठंडे पानी से पहले जम सकता है। क्या यह बढ़िया नहीं है?

## ऐसा क्यों होता है?

कुछ कारण हैं कि गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में तेज़ी से जम सकता है। यहां कुछ सरल व्याख्याएं दी गई हैं:

**वाष्पीकरण :** गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में तेज़ी से वाष्पित होता है। इसका मतलब है कि जब आप गर्म पानी को फ़्रीज़र में रखते हैं, तो इसका कुछ हिस्सा वाष्प में बदल जाता है और चला जाता है। कम पानी जमने पर, बचा हुआ पानी जल्दी बर्फ में बदल सकता है।

**संवहन धाराएं :** गर्म पानी संवहन धाराएं बनाता है। ये पानी के अंदर होने वाली छोटी-छोटी हलचलों की तरह होती हैं जो इसे तेज़ी से ठंडा करने में मदद करती हैं। इसलिए, गर्म पानी जल्दी ठंडा हो सकता है और जल्दी जम सकता है।

**सुपरकूलिंग :** कभी-कभी, ठंडा पानी बर्फ में बदले बिना अपने हिमांक से ज़्यादा ठंडा हो सकता है। इसे सुपरकूलिंग कहते हैं। गर्म पानी के सुपरकूल होने की संभावना कम होती है, इसलिए यह जल्दी जमना शुरू हो सकता है।

## फैक्ट

**तापमान में अंतर:** जब आप गर्म पानी को फ़्रीज़र में रखते हैं, तो पानी के तापमान और फ़्रीज़र के तापमान में बहुत अंतर होता है। यह बड़ा अंतर गर्म पानी को ठंडे पानी की तुलना में तेज़ी से जमने में मदद करता है, जो फ़्रीज़र के तापमान के करीब होता है।

## मज़ेदार प्रयोग आजमाएं!

आप खुद Mpemba Effect देखने के लिए एक सरल प्रयोग आज़मा सकते हैं। यहां बताया गया है कि कैसे:

दो कप पानी लें। एक कप को गर्म होने तक गर्म करें और दूसरे कप को कमरे के तापमान पर छोड़ दें।

दोनों कप को एक ही समय पर फ़्रीज़र में रखें।

हर 30 मिनट में उन्हें चेक करें और देखें कि कौन सा पहले जमता है।

आप परिणाम देखकर आश्चर्यचकित हो सकते हैं!

## याद रखने योग्य बातें

एमपेम्बा इफेक्ट हमेशा नहीं होता। यह पानी और फ्रीजर के तापमान जैसे कई कारकों पर निर्भर करता है। अगली बार जब आप बर्फ बनते हुए देखेंगे, तो आपको पता चलेगा कि इसके पीछे एक आकर्षक विज्ञान है! एमपेम्बा इफेक्ट एक मजेदार उदाहरण है कि कैसे विज्ञान कभी-कभी हमें आश्चर्यचकित कर सकता है। भले ही गर्म पानी का ठंडे पानी से ज़्यादा तेज़ी से जमना थोड़ा अजीब लगे, लेकिन यह हमारे आस-पास की दुनिया के बारे में और जानने का एक अच्छा तरीका है। खोज करते रहें और सवाल पूछते रहें - कौन जानता है कि आपको और कौन सी आश्चर्यजनक चीज़ें पता चलेंगी!

## पंचतंत्र

# चार दोस्तों की कहानी

बहुत समय पहले की बात है, एक गांव में चार दोस्त रहते थे। ये चारों बचपन के दोस्त थे और हमेशा एक साथ रहते थे। तीन दोस्तों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त की थी, जबकि चौथा दोस्त अनपढ़ था लेकिन बहुत ही समझदार और व्यवहारिक था। पढ़े-लिखे दोस्त अपने ज्ञान पर गर्व करते थे और चौथे दोस्त को बेवकूफ समझते थे।

एक दिन, चारों दोस्तों ने सोचा कि उन्हें अपना भाग्य आज़माने के लिए शहर जाना चाहिए। रास्ते में उन्हें एक जंगल से गुजरना पड़ा। जंगल के बीच में उन्हें एक मरा हुआ शेर पड़ा हुआ मिला। तीनों शिक्षित दोस्त बहुत उत्साहित हो गए। उन्होंने सोचा कि वे अपने ज्ञान का उपयोग करके इस मरे हुए शेर को फिर से जीवित कर सकते हैं।

पहला दोस्त बोला, 'मुझे इसके शरीर में हड्डियाँ जोड़ने दो।' उसने अपने ज्ञान का उपयोग करके शेर की हड्डियाँ जोड़ दीं। दूसरा दोस्त बोला, 'मैं इसे मांस और त्वचा दे सकता हूँ।' उसने भी अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया और शेर को मांस और त्वचा दे दी। तीसरा दोस्त बहुत गर्व से बोला, 'अब मैं इसे जीवन दूंगा।' लेकिन अनपढ़ दोस्त बहुत डर गया। उसने कहा, 'रुको, यह शेर बहुत खतरनाक है। अगर तुमने इसे जीवन दिया, तो यह हम सबको मार डालेगा।' लेकिन तीनों दोस्तों ने उसकी बात को नज़रअंदाज़ कर दिया और अपनी प्रक्रिया जारी रखी। तब अनपढ़ दोस्त ने कहा, 'अगर तुम मेरी बात नहीं सुनोगे, तो मुझे पेड़ पर चढ़ने दो।' तीनों दोस्तों ने उसे अनुमति दे दी।

जैसे ही तीसरे दोस्त ने शेर को जीवन दिया, वह तुरंत जीवित हो गया और तीनों दोस्तों पर हमला कर दिया। शेर ने उन्हें मार डाला और वहां से चला गया। पेड़ पर चढ़ा हुआ अनपढ़ दोस्त यह देखकर बहुत दुखी हुआ, लेकिन वह सुरक्षित था। उसने अपने दोस्तों की मूर्खता पर शोक व्यक्त किया और सोचा कि केवल ज्ञान होना ही पर्याप्त नहीं होता, व्यवहारिक ज्ञान और बुद्धिमत्ता भी जरूरी है।

**शिक्षा:** केवल किताबों का ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता। व्यावहारिकता और समझदारी भी जीवन में बहुत जरूरी हैं। बिना समझ के, ज्ञान खतरनाक साबित हो सकता है।

## सपनों की दुनिया

सपनों की दुनिया में चलो, साथी मेरे प्यारे,
जहां खिलते हैं फूल, और हंसते हैं प्यारे।
चांदनी रात में, चांद चमकता है,
तारों की झिलमिलाहट, मन को लुभाता है।
रंग-बिरंगे परिंदे, पंख फैलाए उड़ते,
सपनों की इस दुनिया में, बच्चे सब कुछ पाते।
एक बड़ा झूला है, जो बादलों से लटका,
उसे झूलते देखो, हर सपना साकार हो सकता।
सपनों की कहानी में, बहारें छायीं हैं,
हसीन जादू की दुनिया, हर दिल को भायी है।
रंग-बिरंगे बगीचे में, फल और फूल मुस्काते,
हर पौधा, हर पेड़, जैसे तुम्हें बुलाते।
झरने की कलकल आवाज़, सुनो कितनी मीठी,
नदी के किनारे खेलो, फुलों की ये राहें सजीव।
परियों की दुनिया में, चमत्कार छिपे हैं,
सपनों के इस सफर में, मिलते हैं नये रंग और छिपे हैं।
रात के अंधेरे में, चमकते तारे देखते जाओ,
हर सितारे से, नयी कहानी सुनते जाओ।
सपनों की इस दुनिया में, खुशी से झूमो,
हर पल को संजोओ, और हंसकर जीओ।
फिर सुबह होगी, और नए दिन की शुरुआत होगी,
लेकिन सपनों की दुनिया, हमेशा तुम्हारे साथ होगी

## लघु कथा

# जादुई बगीचा

एक बार की बात है, एक छोटे से शहर में सैम नाम का एक छोटा लड़का रहता था। सैम को फूल बहुत पसंद थे और वह एक सुंदर बगीचा बनाने का सपना देखता था। लेकिन उसका बगीचा छोटा था और उसमें बहुत ज़्यादा फूल नहीं थे।

एक दिन, अपने घर के पीछे जंगल की खोज करते समय, सैम को एक छोटा, चमकता हुआ बीज मिला। यह सूरज की रोशनी में चमक रहा था। सैम ने इसे उठाया और अपने बगीचे में लगाने का फैसला किया।

अगली सुबह, जब सैम उठा, तो उसे एक जादुई आश्चर्य मिला। बीज चमकते हुए पत्तों और चमकती पंखुड़ियों वाले एक छोटे पौधे में बदल गया था। जैसे ही सैम ने इसे पानी दिया, और भी फूल खिलने लगे, हर एक पिछले से ज़्यादा खूबसूरत।

सैम के बगीचे के फूल मधुर धुन गा सकते थे और सूरज की रोशनी के साथ रंग बदल सकते थे। तितलियाँ और पक्षी जादुई फूलों के चारों ओर नाचते हुए आते थे। बगीचा जल्द ही शहर की सबसे खूबसूरत जगह बन गया।

सैम ने अपने जादुई बगीचे को अपने पड़ोसियों के साथ साझा किया। हर कोई गाते हुए फूलों और रंग-बिरंगी पंखुड़ियों से चकित था। जादुई बगीचे की वजह से शहर खुशनुमा और जीवंत हो गया।

एक दिन, एक बुद्धिमान बूढ़ा उल्लू सैम से मिलने आया। 'तुम्हारे पास एक विशेष उपहार है,' उल्लू ने कहा। 'तुम्हारी दयालुता और प्रेम ने इस बगीचे को जादुई बना दिया है। याद रखो, सच्चा जादू बांटने और देखभाल करने से आता है।'

सैम मुस्कुराया और अपने बगीचे की देखभाल करना जारी रखा। उसने सीखा कि असली जादू दूसरों के साथ सुंदरता और खुशी साझा करने में है।

## बुझो तो जानें

1. ऐसा क्या है जो नीचे आता है लेकिन कभी ऊपर नहीं जाता?



2. क्या है जिसे इस्तेमाल करने से पहले उसे तोड़ना पड़ता है?

3. ऐसा क्या है जो हमेशा आपके सामने रहता है लेकिन दिखाई नहीं देता?



4. ऐसी कौन सी चीज़ है जिसकी गर्दन तो है लेकिन सिर नहीं है?

5. मैं पंख की तरह हल्का हूँ, फिर भी सबसे मज़बूत व्यक्ति मुझे एक मिनट से ज़्यादा नहीं पकड़ सकता। मैं क्या हूँ?

**उत्तर :** 1. बारिश 2. एक अंडा 3. भविष्य 4. बोतल 5. आपकी साँस

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**वृष** शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मिथुन** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है।

**कर्क** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या** आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**तुला** प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है।

**वृश्चिक** राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**मकर** राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कुंभ** आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे।

**मीन** पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

# ग्रह दोष के पूर्व संकेत

प्रेम-प्रसंग में भावनात्मक आघात लगता है। समाज में अपयश का सामना करना पड़ता है। मन में बहुत अशान्ति होती है। घर का पालतु पशु मर सकता है। घर में सफेद रंग वाली खाने-पीने की वस्तुओं की कमी हो जाती है या उनका नुकसान होता है। जैसे–दूध का उफन जाना। मानसिक रुप से असामान्य स्थिति हो जाती है।

### मंगल के अशुभ होने के पूर्व संकेत

भूमि का कोई भाग या सम्पत्ति का कोई भाग टूट-फूट जाता है। घर के किसी कोने में या स्थान में आग लग जाती है। यह छोटे स्तर पर ही होती है।

किसी लाल रंग की वस्तु या अन्य किसी प्रकार से मंगल के कारकत्त्व वाली वस्तु खो जाती है या नष्ट हो जाती है।



प्रियंका जैन
9769994439

घर के किसी भाग का या ईंट का टूट जाना। हवन की अग्नि का अचानक बन्द हो जाना। अग्नि जलाने के अनेक प्रयास करने पर भी अग्नि का प्रज्वलित न होना या अचानक जलती हुई अग्नि का बन्द हो जाना। वात-जन्य विकार अकारण ही शरीर में प्रकट होने लगना। किसी प्रकार से छोटी-मोटी दुर्घटना हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### नदी से युवक का शव बरामद

रांची। डोरंडा थाना क्षेत्र के भूसुर नदी से पुलिस ने एक युवक का शव शुक्रवार को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, युवक की शिनाख्त पवन कुमार उर्फ काना के रूप में की गई है। वह मानसिक रूप से बीमार था। कांके में इलाज चल रहा था। नशा भी करता था। पवन के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार को देर शाम घर से निकला था। शुक्रवार को नदी से शव बरामद किया गया। थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि शव को नदी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

### तीन बच्चों की डूबने से मौत

किशनगंज। जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के कनकपुर पंचायत में 6 अगस्त को डूबने से तीन बच्चों की मौत हुई थी। इस मामले में ठाकुरगंज के अंचलाधिकारी ने जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया है कि तीनों बच्चों की मौत खास भूमिधारी के द्वारा अनाधिकृत रूप से मिट्टी काटकर 15 फिट के बनाए गए गड्ढा में डूबने से हुआ है। सीओ ने लेटर जारी करते हुए बताया कि घटना स्थल कनकपुर पंचायत के मौजा चुरली थाना-14, खाता-237 खेसरा 10 से संबंधित है, जो R.S खतियान में R.S ललित मोहन सिंह व अधम सिंह, पिता-धर्मलाल सिंह के नाम से दर्ज है। वर्तमान में मूल जामबंदी 2 के अनुसार उक्त खाता खेसरा गोपाल कुमार अग्रवाल, पिता ताराचंद्र अग्रवाल का है। जांच में उन्होंने यह भी पाया कि गोपाल कुमार अग्रवाल पिता ताराचंद्र अग्रवाल के नाम से उक्त स्थल पर निबंधित ईंट भट्ठा घटना स्थल पर संचालित है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रूद्रामहाभिषेक में हुए शामिल

महासमुंद/रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज शुक्रवार को पवित्र सावन मास पर महासमुन्द जिला मुख्यालय में आयोजित रूद्रामहाभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रुद्र पाठ के मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया तथा पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख-शांति-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक सम्मत अग्रवाल, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालुगण शामिल हुए।

## कौशाम्बी में बड़ा हादसा

# कांवड़ियों से भरी पिकअप खड़े कंटेनर से भिड़ी

- महिला सहित 3 की मौत
- सीएम ने जताया दुख

एजेंसी । कौशाम्बी

नेशनल हाईवे-2 सैनी कोतवाली के गुलामीपुर के पास शुक्रवार सुबह भीषण हादसा हो गया। कांवड़ियों से भरी पिकअप आगे खड़ी ट्रेलर से भिड़ गई। हादसे में महिला समेत तीन कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी सिराथू पहुंचाया गया। हालत गंभीर देख एक कांवड़िए को एसआरएन रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही मौके पर डीएम मधुसूदन हुलगी, एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अफसरों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की

छत्तीसगढ़ प्रांत के बलरामपुर जिले से तकरीबन 21 कांवड़ियों का जत्था पिकअप पर सवार होकर हफ्ते भर पहले अयोध्या-मथुरा के लिए निकला था। वृंदावन दर्शन करके वापस घर लौटते समय शुक्रवार सुबह 5.30 बजे सैनी कोतवाली के गुलामीपुर स्थित नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रेलर से भिड़ गई। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। चीखपुकार सुन आसपास रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी को बाहर निकाला। भीषण सड़क दुर्घटना में आरती देवी (58), मुन्नी पाल 65) और फेकू (67) समेत तीन कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई। शेष 18 घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया। जानकारी मिलते ही डीएम-एसपी भी मौके पर पहुंच गए। सात मरीजों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि एक की हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज के एसआरएन रेफर किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अफसरों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

# करंट से दो लोगों का मौत

## एक को बचाने में दूसरे की गई जान

एजेंसी । आजमगढ़

आजमगढ़ के नगर कोतवाली क्षेत्र के कोठरा गांव में शुक्रवार को सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब पशुओं से सब्जी को बचाने के लिए बाड़ में प्रवाहित करंट से दो लोगों की जान चली गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। उकोठरा गांव निवासी सत्य प्रकाश पाठक उर्फ हरिहर पंडित पूजा-पाठ करते हैं। उनके पुत्र विनोद पाठक (44) की हाफिजपुर में कपड़े की दुकान है। विनोद अपने घर के सामने खेत में सब्जी बोया था। सब्जी की सुरक्षा के लिए उन्होंने लोहे के तार का बाड़ बनाया हुआ है।

### पशुओं को दूर रखने के लिए बाड़ में करंट

इस बाड़ से पशुओं को दूर रखने के लिए उनके द्वारा बाड़ में करंट प्रवाहित की जाती है। शुक्रवार की सुबह वह अपने खेत में बजड़ा काट रहे थे। इसी दौरान वह बाड़ में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आकर तड़पने लगे। शहर के हाफिजपुर के आगापुर गांव निवासी राजमिस्त्री जगदीश चौहान (50) साइकिल से अपने घर पूजा कराने के लिए हरिहर पंडित के घर के सामने पहुंचे। विनोद पाठक को तड़पते देख वह भी साइकिल छोड़कर विनोद को बचाने के लिए चले गए। विनोद को पकड़ते ही जगदीश भी करंट भी चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही अफरातफरी मच गई। लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी प्रकार लोगों ने करंट को बंद कर दोनों को अलग किया गया। इसके बाद लोग दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली प्रभारी शशि मौली पांडेय भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। जानकारी होने पर सदर विधायक और सपा नेता दुर्गा प्रसाद यादव भी मौके पर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया।

# IIT BHU की सभी क्लासें होंगी वातानुकूलित, बनेंगे दो नए हॉस्टल

एजेंसी । वाराणसी

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (BHU) में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जिमखाना परिसर में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा ने ध्वजारोहण किया। प्रोफेसर अमित पात्रा ने कहा कि अगले गर्मी के मौसम से पहले संस्थान की सभी कक्षाओं में ऐसी लगा दिया जाएगा। यही नहीं, संस्थान के सभी हॉस्टल के कॉमन रूम को भी वातानुकूलित कर दिये जाएंगे। यहीं नहीं, सभी हॉस्टल के रेनोवेशन का काम भी रफ्तार

### 464 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली

पकड़ेगा। उन्होंने आगे बताया कि शिक्षा मंत्रालय और केनरा बैंक की संयुक्त उद्यम कंपनी हायर एजुकेशन फाइनेंसिंग एजेंसी (हेफा-जो देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षिक बुनियादी ढांचे, अनुसंधान और विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है) के साथ संस्थान का एमओयू हस्ताक्षर हुए हैं।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार जीजा-साली को रौंदा, मौत

एजेंसी । सुगौली

छपवा-रक्सौल एनएच 527 डी पर थाना क्षेत्र के सिकरहना नदी पुल के समीप बड़हरवा चौक पर गुरुवार की देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ट्रॉली ने बाइक सवार जीजा-साली को रौंद दिया। हादसे में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक मलाही थाना क्षेत्र के मलाही बाजार निवासी मुनिलाल महतो का 23 वर्षीय पुत्र रानू महतो तथा पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत मंझौलिया थाने के गुदरा निवासी भुवर महतो की 15 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी बताई गयी है। मृतक दोनों रिश्ते में जीजा एवं साली बताए गये हैं।

### पत्नी की तबीयत खराब होने पर सहयोग के लिए ससुराल से साली को बाइक से ले जा रहा था घर

घटना के संबंध में बताया गया है कि पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण गुरुवार की शाम रानू अपने घर से एक ग्रामीण मित्र की बाइक लेकर अपने साली संध्या को पत्नी की देखभाल के लिए ससुराल से बुलाकर अपने घर ले जा रहा था। इसी दौरान एनएच 28 ए पर सिकरहना पुल के समीप बड़हरवा चौक पर सामने से काफी तेजी गति से आ रहे एक ट्रक ट्रॉली संख्या यूपी 22 एटी 3258 ने उसकी बाइक को रौंद दिया। घटना में बाइक सवार दोनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने दोनों मृतक के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके स्वजनों को सौंप दिया गया है। इस मामले में मृतक की मां कलावती देवी के दिए गए आवेदन के आधार पर ट्रक चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। घटना को लेकर दोनों मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

# बिहार को मिलेंगी 2 नई सड़कें

## बहादुरगंज-गलगलिया और मुजफ्फरपुर बाईपास का निर्माण इसी साल होगा पूरा

एजेंसी । पटना

बिहार में बहादुरगंज-गलगलिया और मुजफ्फरपुर बाईपास का निर्माण इस साल दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। दोनों परियोजनाओं में रेल ओवरब्रिज का निर्माण मुख्य रूप से अधूरा है। इसे रेलवे के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। इन दोनों सड़कों के निर्माण से आम लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

### मुजफ्फरपुर बाइपास का निर्माण

मुजफ्फरपुर बाईपास का निर्माण करीब 17 किलोमीटर की लंबाई में करीब 180 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इस बाईपास को बनाने का फैसला 2010 में लिया गया था, लेकिन इस पर काम 2012 में शुरू हुआ। इसके बाद भूमि अधिग्रहण और अन्य तकनीकी बाधाओं के कारण इसमें देरी हुई। यह बाईपास हाजीपुर-मुजफ्फरपुर नेशनल हाइवे 77 का हिस्सा है। बाइपास के निर्माण से मुजफ्फरपुर शहर में यातायात का दबाव कम होगा। साथ ही नेपाल, पूर्णिया और गोपालगंज होते हुए पटना से उत्तर प्रदेश जाने वाले लोगों को सुविधा होगी। सीतामढ़ी से सोनबरसा की कनेक्टिविटी विकसित होगी। ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के फोरलेन की कनेक्टिविटी राजधानी पटना और मुजफ्फरपुर को मिलेगी।

# नालंदा में युवक की पीट-पीटकर हत्या

## अपराधियों ने बाइक भी जलाया, आंखे भी फोड़ डाली

एजेंसी । बिहार

बिहार के नालंदा में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। यह घटना मानपुर थाना क्षेत्र के नेवाजीबीघा गांव की है। मृतक की पहचान गणेश कुमार के रूप में हुई है। युवक की हत्या का आरोपी एक साइबर फ्रॉड बताया जा रहा है जो लोगों को झांसा देकर रुपए ठगते हैं। बता दें कि युवक ने पूर्व में पुलिस को इन अपराधियों की पहचान बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। जानकारी के मुताबिक बदमाशों ने युवक की हत्या करने के बाद उसकी बाइक को आग के हवाले कर दिया। परिजनों का कहना है कि यह हत्या साइबर अपराधियों ने ही की है। परिजनों ने बताया की नेवाजीबीघा गांव के आस पास बहुत साइबर फ्रॉड हैं। जो लोगों को अपनी चंगुल में फंसाकर रुपए ठगते हैं। परिजनों ने आगे बताया कि गणेश ने इन साइबर अपराधियों की सूचना पुलिस को दी थी। जिससे ये गुस्साए हुए थे। गुस्से में कंचनपुर गांव से उसका अपहरण कर अपने पास 12 घंटे रखे और लाठी डंडे से पिट-पिटकर उसकी हत्या कर दी। शव को घोड़ा घाट इलाके में फेंक दिया। बदमाशों द्वारा उसकी दोनो आंखें फोड़ दी गई थी और हाथ तोड़ दिया गया था। जब युवक का शव ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी।

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स में 1,330 अंकों की तेजी, निफ्टी भी 400 अंक चढ़ा

एजेंसी । मुंबई

हफ्ते के पांचवें और आखिरी कारोबारी दिन, यानी शुक्रवार (16 अगस्त) को सेंसेक्स 1,330 अंक यानी 1.68% की तेजी के साथ 80,436 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 400 अंक (1.65%) की तेजी रही और यह 24,541 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार सुबह 800 से ज्यादा अंकों की तेजी के साथ खुला था, हालांकि बाद में इसमें 200 अंकों की गिरावट देखने को मिली थी। फिर दोबारा से बाजार ऊपर आ गया। आईटी, ऑटो, मीडिया, रियल्टी और ऑयल एंड गैस शेयरों में खरीदारी हुई।

### IT सेक्टर में सबसे ज्यादा 2% की तेजी

NSE के IT सेक्टर में सबसे ज्यादा 2% की तेजी रही। ऑटो, मीडिया, रियल्टी और ऑयल एंड गैस सेक्टर भी 1% से ज्यादा चढ़े।'

**बाजार के चढ़ने की 5 वजह**

**महंगाई का घटना :** जुलाई में थोक महंगाई घटकर 2.04% पर आ गई है। जुलाई महीने में रिटेल महंगाई घटकर 3.54% पर आ गई है। ये 59 महीने का निचला स्तर है। महंगाई अब RBI के 2-4% के टारगेट के भीतर है।

**अमेरिकी बाजार में तेजी :** अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस 1.39% बढ़कर 40,563 के स्तर पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 2.34% चढ़ा, ये 17,594 के स्तर पर बंद हुआ। S&P500 1.61% बढ़कर 5,543 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

**एशियाई बाजार में तेजी :** जापान के निक्केई में 2.92% की तेजी है। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 1.73% और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.092% की तेजी है। कोरिया के कोस्पी में भी 1.79% की तेजी देखने को मिल रही है।

**गिरावट में खरीदारी :** निफ्टी और सेंसेक्स के चढ़ने का एक कारण निचले स्तरों से खरीदारी है। अगस्त में दोनों इंडेक्स 2.5% से ज्यादा गिरे हैं। टाटा मोटर्स, विप्रो और HCL टेक जैसे शेयरों में आज खरीदारी दिखाई दे रही है।

**घरेलू निवेशकों की खरीदारी :** फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (FIIs) ने 14 अगस्त को 17,565 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (DII) ने 12,269 करोड़ के शेयर खरीदे। यानी, घरेलू निवेशक अभी भी खरीदारी कर रहे हैं।

# अगस्त-सितंबर में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि की आशंका

एजेंसी । नई दिल्ली

अभी तक देश के कई हिस्सों में मानसून की बारिश असामान्य रही है। कुछ राज्यों में बहुत बारिश हो रही है तो कुछ में सामान्य से कम है। ऐसे में आने वाले दो महीनों के अंदर खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी देखने को मिल सकती है। खासकर कृषि क्षेत्र वाले राज्यों में बारिश काफी असमान रही है, जिससे फसल खराब होने की आशंका सबसे ज्यादा है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने जुलाई महीने की महंगाई दर को लेकर की गई समीक्षा में अगस्त और सितंबर में महंगाई बढ़ने की आशंका जताई है। बैंक का मानना है कि जुलाई में महंगाई दर में गिरावट देखने को मिल है लेकिन हमे आशंका है कि अगस्त और सितंबर में खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जी और फलों के दामों में तेजी देखने को मिल सकती है, जिसके चलते महंगाई दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के औसत पूर्वानुमान से ज्यादा रहने की संभावना है। मानसून सीजन में बारिश के असमान रूप से पड़ने के कारण फैसलों की पैदावार पर असर पड़ रहा। कुछ राज्यों में बारिश कम होने से फसलों की पैदावार प्रभावित हो सकती है तो कुछ राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश होने के कारण फसले खराब हो रही हैं। इससे साफ है कि सब्जियों की कीमतों में तेजी आएगी। बैंक का मानना है कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच विकास की दर बेहतर है। तमाम जोखिमों के बार अर्थव्यवस्था की स्थिति मजबूत है और भविष्य में भी बेहतर रहने की संभावना है, लेकिन महंगाई दर 4.5 फीसदी के औसतन अनुमान से अधिक रह सकती है। बीते महीने महंगाई में कमी आई है। देश के अधिकांश राज्यों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) राष्ट्रीय औसत से कम है लेकिन जुलाई में छह राज्य ऐसे रहे हैं जिनमें राष्ट्रीय औसत से महंगाई अधिक रही है।

**▸▸ मानसून के असामान्य रहने फसले खराब होने के आसार**

**▸▸ आरबीआई के औसत लक्ष्य से अधिक रह सकती है मंहगाई**

# ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 20% चढ़कर 133 रुपए पर पहुंचा

एजेंसी । मुंबई

मुंबई। ओला इलेक्ट्रिक की बाइक्स लॉन्च होने के बाद उसके शेयर में 20% की तेजी है। ये 133 रुपए पर पहुंच गया है। ओला के शेयर को ब्रोकरेज फर्म HSBC से पहली बाय रेटिंग भी मिली है। ओला ने 15 अगस्त को अपनी पहली इलेक्ट्रिक बाइक रोडस्टर लॉन्च की थी। कंपनी ने अपने एनुअल इवेंट 'संकल्प 2024' में बाइक के 3 मॉडल रोडस्टर, रोडस्टर X, रोडस्टर प्रो पेश किया। ओला के शेयर का इश्यू प्राइस 76 रुपए था, तब से लेकर अभी तक ये शेयर करीब 75% बढ़ चुका है। HSBC ने बाय रेटिंग के साथ 140 रुपए का टारेगट दिया है।

# आधार आधारित सत्यापन की अनुमति

एजेंसी । नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने एसबीआईकैप सिक्योरिटीज, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और एंजेल वन सहित 15 प्रतिभूति कंपनियों को अपने ग्राहकों का आधार प्रमाणीकरण करने की अनुमति दे दी है। वित्त मंत्रालय के अधीन राजस्व विभाग ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत एक अधिसूचना जारी कर 15 संस्थाओं को आधार आधारित केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रक्रिया संचालित करने की अनुमति दे दी है। इन 15 संस्थाओं में जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज, अरिहंत कैपिटल मार्केट, एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज, आदित्य बिड़ला मनी, आरके स्टॉक होल्डिंग, मोनार्क नेटवर्थ कैपिटल, आरकेएसवी सिक्योरिटीज, कम्फर्ट सिक्योरिटीज और ओपीजी सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल हैं।

# पोंजी योजना चलाने वाली कंपनी पर्लवाइन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## ▸▸ सदस्यता के बाद कई आकर्षक निवेश विकल्प के जरिये की धोखाधड़ी

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देशभर में पोंजी योजना चलाकर धोखाधड़ी करने वाली एक निवेश वेबसाइट के खिलाफ धनशोधन निरोधक कानून के तहत शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने जांच के दौरान 29 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय



एजेंसी ने कहा कि पर्लवाइन इंटरनेशनल के बैनर तले चलने वाले पोर्टल के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। धनशोधन का यह मामला भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की शिकायत पर मेघालय पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है। पर्लवाइन इंटरनेशनल खुद को अमेरिका की कंपनी होने का दावा करती थी, जो मान्यताप्राप्त नहीं थी। इस कंपनी ने कई आकर्षक निवेश विकल्प प्रदान किए थे।

### ▸▸ ईडी ने जांच के दौरान 29 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की

ईडी ने कहा कि इसने सदस्यता शुल्क के रूप में एक व्यक्ति से न्यूनतम 2,250 रुपये जुटाए। 2018 से मार्च 2023 के बीच भारत में पोंजी योजनाएं चलाईं। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि इस अवधि के दौरान, कंपनी ने सदस्यता प्राप्त करने और इसके लाभों को लोकप्रिय बनाने के लिए पूरे देश में सेमिनार आयोजित किए। ईडी के अनुसार, 2022 में एक समय पर पर्लवाइन इंटरनेशनल ने भारत और विदेशों में 80 लाख सदस्यों की सदस्यता का दावा किया था। नीरज कुमार गुप्ता नाम का एक व्यक्ति पूरे घोटाले के पीछे था।

# इलेक्ट्रिक विनिर्माण उपकरण वाहनों पर सख्त सुरक्षा मानक

एजेंसी । नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एक अक्तूबर 2024 से डंपर तथा उत्खनन मशीनों सहित इलेक्ट्रिक पावरट्रेन विनिर्माण उपकरण वाहनों के लिए नए सख्त सुरक्षा मानकों का प्रस्ताव दिया है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देना है। नियमों के मसौदे में कहा गया, एक अक्तूबर, 2024 को और उसके बाद इलेक्ट्रिक पावरट्रेन से लैस विनिर्माण उपकरण वाहन एआईएस-174 में निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करेंगे, जब तक कि भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 2016 के तहत संबंधित बीआईएस विनिर्देशों को अधिसूचित नहीं किया जाता। विनिर्माण उपकरण वाहनों में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड पावरट्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिसूचना के अनुसार, उक्त अवधि की समाप्ति से पहले उक्त नियमों के मसौदे के संबंध में किसी भी व्यक्ति से प्राप्त आपत्तियों या सुझावों पर केंद्र सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

टेनिस

पांचवीं वरीय इटली की पाओलिनी और रूस की अनास्तासिया ने भी सिनसिनाती ओपन के अंतिम-16 में प्रवेश किया

# पुतिनत्सेवा ने गत चैंपियन कोको को बाहर कर बड़ा उलटफेर

- 1 जीत है यह पुतिनत्सेवा की कोको के खिलाफ चार मुकाबलों में
- 5 साल बाद शीर्ष पांच में शुमार किसी खिलाड़ी को मात दी

एजेंसी । मेसन (अमेरिका)

कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा ने गत चैंपियन और दूसरी वरीय अमेरिका की कोको गॉफ को शिकस्त देकर सिनसिनाती ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सबसे बड़ा उलटफेर किया। पुतिनत्सेवा ने गुरुवार देर रात खेले गए मुकाबले में कोको को 6-4, 2-6, 6-4 से पराजित किया। पुतिनत्सेवा ने 2019 के बाद पहली बार शीर्ष पांच में शुमार किसी खिलाड़ी को पराजित किया। कोको का पेरिस ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट है। वह पेरिस में क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई थी।

### अब बडोसा से होगा सामना

पुतिनत्सेवा को अंतिम-16 में सामना स्पेन की पाउला बडोसा से होगा। बडोसा ने हमवतन अन्ना को आसानी से 6-3, 6-2 से बाहर का रास्ता दिखाया। अन्य मुकाबलों में पांचवीं वरीय इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने रूस की अनास्तासिया पोटापोवा को 7-6, 6-3 से और मारिया आंद्रिवा ने कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-2, 6-3 से पराजित किया।

### जैक ने सितसिपास का किया शिकार

ब्रिटेन के 22 वर्षीय जैक ड्रेपर ने नौवीं वरीय स्टेफानोस सितसिपास का शिकार किया। जैक ने पहला सेट गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए सितसिपास को 3-6, 6-4, 7-5 से पराजित किया। यह सितसिपास पर जैक की दूसरी जीत है। अब उनका सामना कैस्पर रूड या फेलिक्स ऑगर से होगा। अमेरिका के युवा खिलाड़ी बेन शैल्टन ने दो घंटे 52 मिनट तक चले मुकाबले में थॉमस मार्टिन को 6-7, 7-6, 6-2 से मात दी। होल्गर रून ने नूनो को 6-3, 7-6 से हराया।

### बोपन्ना-मैथ्यू पहले ही दौर में बाहर

भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ी मैथ्यू एब्डेन पहले ही दौर में बाहर हो गए। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-मैथ्यू को फ्रांस के ऑर्थर फिल्स और चिली के निकोल्स जैरी की जोड़ी ने 6-4, 6-7, 10-8 से उलटफेर का शिकार बनाया। बोपन्ना और श्रीराम बालाजी की जोड़ी पेरिस ओलंपिक में पहले ही मुकाबले में हार गई थी।

# मैडी के शतक से ऑस्ट्रेलिया ए का सीरीज पर कब्जा

एजेंसी । मैके

सलामी बल्लेबाज मैडी डार्के (106) के नाबाद शतक से ऑस्ट्रेलिया ए ने शुक्रवार को दूसरे महिला वनडे मुकाबले में भारत ए को आठ विकेट से पराजित किया। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। घरेलू ए टीम ने पहला वनडे चार विकेट से जीता था। ऑस्ट्रेलिया ने 219 रन का लक्ष्य 40.2 ओवर में दो विकेट पर 221 रन बनाकर हासिल कर लिया।

### तेजल-राघवी के अर्धशतक

भारत ए की टीम तेजल हसाबनिस (63) और राघवी बिष्ट (70) की अर्धशतकीय पारियों के बावजूद 48 ओवर में 218 रन पर आउट हो गई। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी निभाई। इससे एक समय भारत का स्कोर 40 ओवर में तीन विकेट पर 176 रन था। इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने बचे हुए सात विकेट आठ ओवर में महज 42 रन के अंदर गंवा दिए। शुभा ने 24 और शिप्रा ने 17 रन का योगदान दिया।

8 विकेट से हराया दूसरे वनडे में मेजबानों ने भारत ए की महिला टीम को

### मैडी-कैटी की साझेदारी

लक्ष्य पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए मैडी ने कैटी मैक (68) के साथ पहले विकेट के लिए 22.4 ओवर में 131 रन की साझेदारी निभाई। कप्तान तहलिया मैकग्रा 32 रन बनाकर नाबाद रहीं। कप्तान और मैडी ने तीसरे विकेट के लिए अटूट 52 रन जोड़े। भारतीय गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को ताबड़तोड़ रन बनाने से रोक नहीं सकीं।

# एक अक्तूबर को होगी एसए-20 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी

एजेंसी । डरबन

एसए-20 लीग के तीसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी एक अक्तूबर को होगी। लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ कहा कि इसमें 13 खिलाड़ी चुने जाएंगे। एसए-20 का अगला सत्र नौ जनवरी से आठ फरवरी के बीच खेला जाएगा। सत्र से पहले रिटेंशन (खिलाड़ियों को बरकरार रखना) और पहले ही करार करने की विंडो खत्म होने के बाद टीमों को खिलाड़ियों को चुनने का मौका मिलेगा। कार्तिक पहले भारतीय : भारत के रिटायर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक हाल ही में पार्ल रॉयल्स से जुड़े हैं जो इस लीग में खेलने वाले पहले भारतीय होंगे। इसके अलावा हर टीम को तीसरे सत्र के लिए नया खिलाड़ी चुनना होगा जबकि तीन टीमों को 30 दिसंबर से पहले वाइल्ड कार्ड की घोषणा करनी है। कार्तिक के अलावा बेन स्टोक्स, केन विलियम्सन, जो रूट, ट्रेंट बोल्ट, जॉनी बेयरस्टो, डेवोन कॉन्वे, जाक क्राउली, राशिद खान और रहमानुल्लाह गुरबाज जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे भी इसमें भाग लेंगे। स्मिथ ने कहा, स्थानीय सितारों एडेन मार्कराम, कैगिसो रबाडा और हेनरिच क्लासेन के साथ अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों के आने से यह सत्र बेहतरीन होने वाला है। हमें टीमों द्वारा बरकरार रखे गए सभी घरेलू क्रिकेटरों पर गर्व है।

## सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज

# प्रज्ञाननंदा निचले स्थान पर कायम, फिरौजा को बढ़त

सेंट लुइस (अमेरिका)

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में आखिरी स्थान पर बने हुए हैं। हालांकि इससे पहले उन्होंने ब्लिट्ज वर्ग में दो बाजियां जीतीं। प्रज्ञाननंदा ने टूर्नामेंट से पूर्व दावेदारों में शामिल रूस के इयान नेपोमनियाश्चि और रूस के हिकारू नाकामुरा पर दो जीत दर्ज की। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रहे फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से ड्रॉ खेला। प्रज्ञाननंदा 6.5 अंक

से निचले स्थान पर हैं। अंतिम दिन बदलाव की उम्मीद लगाए हैं। वेस्ले सो ने ब्लिट्ज वर्ग में दिन में छह बाजियां जीतीं, दो ड्रॉ खेले और फिरौजा के खिलाफ महज एक बाजी गंवाई।

### अब ब्लिट्ज वर्ग में सिर्फ नौ ही दौर बचे

अब ब्लिट्ज वर्ग में सिर्फ नौ ही दौर बचे हैं। फिरौजा ने मौकों का पूरा फायदा उठाया और 17.5 अंक से एकल बढ़त बनाए हैं। वह अमेरिका के वेस्ले सो और नेपोमनियाश्चि से 1.5 अंक आगे चल रहे हैं। नाकामुरा ने ब्लिट्ज वर्ग में प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत की और वह 13.5 अंक से छठे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं हमवतन फैबियानो कारूआना के 13 अंक हैं। अमेरिका के लेनिय डोमिंगुएज 12 अंक से आठवें स्थान पर हैं। वह उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से आगे चल रहे हैं जिनके 10 अंक हैं।

# मोहन बागान की टक्कर अल वकराह, ट्रैक्टर और रावशान से

एजेंसी । नई दिल्ली

मोहन बागान सुपर जायंट को 2024-25 एएफसी चैंपियंस लीग 2 के ड्रॉ में ग्रुप ए में कतर के अल वकराह एससी, ईरान के ट्रैक्टर एफसी और ताजिकिस्तान के एफसी रावशान के साथ रखा गया है। ड्रॉ शुक्रवार को कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में कराया गया। टूर्नामेंट में 32 क्लबों को चार-चार के आठ ग्रुप में बांटा गया है। मोहन बागान एसजी ने 2023-24 इंडियन सुपर लीग शील्ड जीतने से एएफसी क्लब टूर्नामेंट में दूसरे टीयर के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय क्लब पिछले साल एएफसी कप ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहा था और नॉकआउट के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका था। वहीं अल वकराह एससी ने कतर स्टार्स लीग में चौथे स्थान पर रहकर चैंपियंस लीग 2 के लिए क्वालीफाई किया। ईरान की टीम ट्रैक्टर एफसी ने भी 2023-24 पर्सियन गल्फ प्रो लीग में चौथे स्थान पर रहकर क्वालीफाई किया। क्लब दो बार 2021 और 2016 में राउंड 16 में पहुंच चुका है। रावशान ने 2023 ताजिकिस्तान हायर लीग में उप विजेता रहकर टूर्नामेंट में अपना स्थान पक्का किया।

## 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की घोषणा

# मलयाली 'आट्टम: द प्ले' बनी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म

- 'गुलमोहर' ने हिंदी फिल्म का पुरस्कार जीता
- नित्या मेनन और मानसी पारेख संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुनी गईं

एजेंसी । नई दिल्ली

*70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में क्षेत्रीय सिनेमा का दबदबा रहा। शुक्रवार को घोषित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में मलयाली फिल्म 'आट्टम: द प्ले' के नाम सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार रहा। वहीं, सूरज बड़जात्या को हिंदी फिल्म 'ऊंचाई के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार देने की घोषणा की गई। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा यहां नेशनल मीडिया सेंटर में की गई। वर्ष 2022 में विभिन्न भाषाओं में निर्मित सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्मों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।*

### नित्या मेनन बनीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, मानसी पारेख ने भी मारी बाजी

नित्या मेनन को तमिल फिल्म 'तिरुचित्राम्बलम के लिए और मानसी पारेख को गुजराती फिल्म 'कच्छ एक्सप्रेस' के लिए संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार के लिए चुना गया। 'तिरुचित्रम्बलम' की बात करें तो यह फिल्म 18 अगस्त, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने 110 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। इस फिल्म में नित्या की जोड़ी धनुष के साथ बनी थी। भारतीराजा, प्रकाश राज, राशि खन्ना और प्रिया भवानी शंकर जैसे सितारों से सजी इस फिल्म का निर्देशन मिथ्रन जवाहर ने किया था। उधर, गुजराती फिल्म 'कच्छ एक्सप्रेस' पिछले साल 6 जनवरी को आई थी और इसका निर्देशन विरल शाह ने किया था।

### 'कांतारा' के लिए ऋषभ शेट्टी ने जीता पुरस्कार

साउथ के जाने-माने अभिनेता ऋषभ शेट्टी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें उनकी फिल्म 'कांतारा' के लिए यह पुरस्कार मिला है, जो 30 सितंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का प्रीक्वल 'कांतारा: चैप्टर 1' भी बन रहा है, जो अगले साल सिनेमाघरों में आएगा। बता दें कि महज 16 करोड़ रुपये में बनी 'कांतारा' ने बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई की थी। फिल्म के लेखक भी ऋषभ ही थे।

### सूरज बड़जात्या बने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक

सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का राष्ट्रीय पुरस्कार मशहूर निर्देशक सूरज बड़जात्या को उनकी फिल्म 'ऊंचाई' के लिए मिला है। दोस्ती पर आधारित इस फिल्म ने भले ही बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं किया, लेकिन फिल्म की कहानी दर्शकों के दिलों को छू गई, वहीं समीक्षकों से भी इसे खूब तारीफ मिली। फिल्म में अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, डैनी डेंग्जोंग्पा, बोमन ईरानी, नीना गुप्ता, सारिका और परिणीति चोपड़ा नजर आई थीं। यह फिल्म ZEE5 पर मौजूद है।

### पवन मल्होत्रा बने बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर

इस बार एक्टर पवन मल्होत्रा ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है। हरियाणवी फिल्म 'फौजा' में अपने काम के लिए पवन ने इस अवॉर्ड को जीता है। ये एक्टर के लिए बड़ी जीत है। कई बार पवन अपनी फिल्मों को नेशनल अवॉर्ड मिलने के बारे में बात कर चुके हैं। उन्होंने आजतक इन संग बातचीत में कहा था कि कैसे उनकी दो फिल्मों को नेशनल अवॉर्ड मिले हैं, लेकिन उन्हें कभी अपने काम के लिए ये बड़ा अवॉर्ड नहीं मिला। इस बात से उन्हें निराशा भी होती है।

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (संयुक्त विजेता)**

- नित्या मेनन, तमिल फिल्म तिरुचित्राम्बलम के लिए
- मानसी पारेख, गुजराती फिल्म कच्छ एक्सप्रेस के लिए

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता**

- ऋषभ शेट्टी, कन्नड़ फिल्म कंतारा के लिए

**सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री**

- नीना गुप्ता, (ऊंचाई)

**सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता**

- पवन मल्होत्रा, (हरियाणवी फिल्म फौजा)

### नीना गुप्ता को 30 साल बाद मिला नेशनल अवॉर्ड

फिल्म 'ऊंचाई' में अपने रोल के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड जीतने के बाद नीना गुप्ता सातवें आसमान पर हैं। उन्हें 30 साल बाद यह सम्मान मिल रहा है और उन्हें लगता है कि यह फिल्म इंडस्ट्री में उनकी कड़ी मेहनत का सही सम्मान है। नीना ने माना कि यह खबर अभी तक लोगों के दिलों में नहीं उतरी है। पुरस्कार मिलने की खबर मिलने के बाद अपनी पहले रिएक्शन को याद करते हुए नीना ने बताया, 'ठीक है मुझे यह खबर आधे घंटे पहले ही मिली और मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई। फिर मैंने एक ब्रेक लिया और अपने मैनेजर से इसे दोबारा जांचने के लिए कहा, बस कन्फर्म करने के लिए (हंसते हुए)। उसके बाद मैं इस खबर से वाकई बहुत खुश और भावुक हो गई। मैं इसे लेकर बहुत एक्साइटेड हूं। सभी दूसरे विनर्स के बीच अपना नाम पढ़ना वाकई बहुत अच्छा लगा।'

### सुपरस्टार यश की 'KGF: चैप्टर 2' को मिला सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म का पुरस्कार

*70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म का पुरस्कार यश की फिल्म 'KGF: चैप्टर 2' को मिला है। प्रशांत नील की इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ स्टंट कोरियोग्राफी का पुरस्कार भी जीता है। यह फिल्म 14 अप्रैल, 2022 को रिलीज हुई थी।*

### अनुपम खेर की 'कार्तिकेय 2' को मिला सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फिल्म का पुरस्कार

सर्वश्रेष्ठ मराठी फिल्म का पुरस्कार 'वालवी' ने जीता। सर्वश्रेष्ठ बंगाली फिल्म का पुरस्कार 'काबेरी अंतर्धान' ने हासिल किया है। सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फिल्म का पुरस्कार निखिल सिद्धार्थ और अनुपम खेर की 'कार्तिकेय 2' को मिला है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 1,250 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में 'पोन्नियिन सेलवन' ने सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म का पुरस्कार जीता।

### 'पोन्नियन सेल्वन-पार्ट 1' को सर्वाधिक चार पुरस्कार

मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियन सेल्वन-पार्ट 1' ने सर्वाधिक चार पुरस्कार जीते। एआर रहमान को 'पोन्नियन सेल्वन-पार्ट 1 के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक (पार्श्व संगीत) के रूप में चुना गया। पोन्नियन सेल्वन-पार्ट 1 को सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म भी चुना गया है। प्रीतम को 'ब्रह्मास्त्र-पार्ट 1 के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक (गीत) चुना गया गया है। फीचर फिल्म निर्णायक मंडल के प्रमुख राहुल रवैल ने पुरस्कारों की घोषणा की।

# 'भैरा' बन तबाही मचाने को तैयार सैफ अली खान

अभिनेता सैफ अली खान आज यानी 16 अगस्त को अपना 54वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनके प्रशंसकों को बड़ा तोहफा मिला है। दरअसल, फिल्म 'देवरा' से सैफ की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। सैफ सिल्वर स्क्रीन पर 'भैरा' बन धमाल मचाने को तैयार हैं। निर्माताओं ने उनकी पहली झलक साझा करते हुए लिखा, 'उनकी उपस्थिति तबाही का जश्न है। शिकार पहले से कहीं ज्यादा क्रूर होगा।'

### जबरदस्त एक्शन करते नजर आए सैफ

'देवरा' से सैफ की झलक जारी करते हुए निर्माताओं ने एक वीडियो साझा किया है। 52 सेकंड के इस वीडियो में अभिनेता जबदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में पहली बार जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की जोड़ी नजर आएगी।

# 'फॉलो कर लो यार' का ट्रेलर जारी

*अभिनेत्री और सोशल मीडिया स्टार उर्फी जावेद अक्सर अपने अतरंगी कपड़ों और अजीबो-गरीब फैशन के चलते चर्चा में रहती हैं। उन्होंने इसी साल एकता कपूर की फिल्म 'लव सेक्स और धोखा 2' के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा है, वहीं अब उर्फी OTT की दुनिया में धमाल मचोने को तैयार है। पिछले कुछ दिनों से वह अपने करियर की पहली वेब सीरीज 'फॉलो कर लो यार' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसका ट्रेलर अब रिलीज हो गया है।*

### रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

'फॉलो कर लो यार' के निर्देशन की कमान संदीप कुकरेजा ने संभाली है। फजिला अल्लाना और कामना मेनेजेस इसके निर्माता हैं। ट्रेलर में उर्फी की मां जाकिया सुल्ताना और उनकी तीनों बहनों (उरुसा, अस्फी, डॉली) की झलक भी दिखी है। यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। इसकी रिलीज तारीख भी सामने आ गई है। 'फॉलो कर लो यार' का प्रीमियर 23 अगस्त से किया जाएगा। इस सीरीज में मुनव्वर फारूकी और ओरी ने मेहमान भूमिका निभाई है।



बेबाक चर्चा | विनोद मिश्रा, महानगर पालिका के भाजपा दल के नेता व मलाड को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन

# उद्धव ठाकरे ने रोक रखा है बीएमसी चुनाव : विनोद मिश्रा

सपनों की नगरी मुंबई में हर किसी को अपना जीवन बेहतर करने का मौका मिलता है। शहर की गलियों में विविध समाज के लोग रहा करते हैं। यहां हर समाज को गर्व से मुंबईकर बनकर रहने का मौका है। मुंबई में उत्तर भारतीय समाज हमेशा केंद्र में रहा है। शहर के हर कोने में अपनी मेहनत और लगन से मुंबई को समृद्ध करने में जुटा हुआ है। आज हम आपको मिला रहे हैं मुंबई महानगर पालिका के बीजेपी दल के नेता विनोद मित्र से जिन्होंने चार दशक से उत्तर भारतीय समाज और राजनीति अपना योगदान दिया है।

### उत्तर भारतीय समाज की मतदाता पहचान क्या है?

देखिए महाराष्ट्र में रहने वाला हर व्यक्ति महाराष्ट्रियन है। यहां किसी समाज को लेकर कोई दिक्कत नहीं है। अगर उत्तर भारतीय समाज की बात करें तो मुंबई में लगभग 17 लाख मतदाता हैं, कई सीटें ऐसी हैं, जहां पर उत्तर भारतीय मतदाता निर्णायक हैं। यदि हिंदी भाषी की बात करें तो मुंबई में लगभग 25 लाख मतदाता हैं। बड़ी संख्या में मतदाता होने के बाद भी उत्तर भारतीय समाज को कोई दल महत्व नहीं देता दिख रहा। मैं अन्य दलों की बात नहीं करना चाहता, पर आप देखेंगे कि भारतीय जनता पार्टी में उत्तर भारतीय नेताओं को बहुत महत्व दिया जाता है। मुझे ही देख लीजिए मुझे महानगर पालिका में पक्ष का नेता बनाया गया। विद्या ठाकुर जी को मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया।

### क्या मुंबई में उत्तर भारतीय समाज बिखरा हुआ है?

समाज, बिखरा नहीं है। 2014 के बाद नरेंद्र मोदी और 2017 में योगी जी के आने के बाद मुंबई का उत्तर भारतीय समाज बहुत मजबूत हुआ है। इस समाज ने बीजेपी पर पूरा भरोसा जताया है। यह समाज पूरी तरह से बीजेपी के साथ है।

### मुंबई के 36 सीटों में से उत्तर भारतीयों को कितना स्थान?

देखिए, मैं समझता हूं कि यह समय समाज को बांटने की बजाए, सभी को भारतीय बनकर सोचना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी देश को महत्व देती है। पर मैं समझता हूं कि मेरिट के हिसाब से सीटें दी जाएंगी। जैसे डिंडोसी, मलाड, वर्सोवा, कलीना, चांदीवली जैसी सीटों पर उत्तर भारतीयों को मौका मिल सकता है।

### चुनाव नजदीक हैं, बीजेपी की क्या तैयारी है?

भाजपा का कार्यकर्ता, रोज चुनाव की तैयारी में रहता है। हम लगातार जनता के बीच काम करते हैं। हम 2019 से बेहतर हालत में रहेंगे।

मुंबई महानगर पालिका के भाजपा दल के नेता, पूर्व नगरसेवक व मलाड को ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन विनोद मिश्रा का साक्षात्कार लेते हुए दो बजे दोपहर के संपादक अरुण लाल।

आप लोकसभा के गणित को ही समझेंगे तो पाएंगे कि जहां पर मुस्लिम मतदाता अधिक था, उन्होंने भरपूर मतदान किया, इसके चलते सीटों में कमी आई। एक लोकसभा में 6 विधानसभा में 5, हम बेहतर स्थिति में थे जहां एक मुस्लिम बहुल थी, वहां पर भारी मतदान हुआ और छोटी मार्जिन से वे जीत गए। पर विधानसभा में यह नहीं होगा। यहां पांच सीटों पर हमारा वर्चस्व होगा।

### उद्धव ठाकरे की लहर बताई जा रही है

लहर जैसा कुछ नहीं हैं। मैं सहानुभूति से इंकार नहीं कर रहा, पर सहानुभूति बार-बार नहीं होती। उद्धव जी जिस बूथ में रहते हैं, वहां भी वे हार गए हैं। ऐसे यदि लोक सभा का गणित ही देखें तो उनकी हालत खराब है।

### बीएमसी चुनाव क्यों नहीं हो रहे?

बीएमसी का चुनाव लगभग तीन साल से नहीं हो पाया। उद्धव ठाकरे ने वसूली के लिए चुनाव को रोका है। कोविड के दौरान उन्होंने सारी हदें पार कर दीं। कोविड सेंटर, ऑक्सीजन, बेड, दवाई, सैनिटाइजर, हर जगह उन्होने घपला किया। 5400 करोड़ का घोटाला मैंने ही रोका। 7 फरवरी 2022 को कार्यकाल समाप्त हुआ। मार्च में कोविड की संख्या 500 के नीचे थी। वे चाहते तो चुनाव करवा सकते थे, पर उन्होंने 6 महीने के लिए एडमिनिस्ट्रेटर अप्वाइंट कर दिया। इसके बाद उन्होंने मनमाने तरीके से वार्ड संरचना करते हुए वार्ड की संख्या 227 से 236 कर दिया। मामला कोर्ट में गया, वहा हाईकोर्ट ने कहा कि वार्ड की संख्या 227 ही रहेगी। इसके बाद उद्धव ठाकरे की पार्टी सुप्रीम कोर्ट चली गई है। जहां ओबीसी आरक्षण वाले पिटीसन से यह केस टैग कर दिया गया है। इसके चलते मामला फंसा हुआ है। आज वे अपना पिटीशन वापस ले लेते हैं तो चुनाव हो जाएंगे।

### उत्तर भारतीयों को क्या संदेश देंगे?

देखिए, हमारा समाज राजनीतिक रूप से बहुत प्रबुद्ध समाज है। समाज ने देखा कि कांग्रेस ने वोट की राजनीति के तहत उत्तर भारतीयों को मरवाया-पिटवाया। 2014 के बाद देवेंद्र फडणवीस की सरकार आई, तब से अब 2019 तक किसी उत्तर भारतीय के साथ कोई घटना नहीं हुई है। इसके बाद 2019 से 2022 तक उद्धव ठाकरे की सरकार में उत्तर भारतीयों को बहुत प्रताड़ित किया गया। नेवी के रिटायर्ड आफिसर शर्मा जी के घर में घुसकर आंख फोड़ने का काम करना, वडाला में इंजीनियरिंग के छात्र को टकला करने जैसी बहुत सी घटनाएं हुईं। उत्तर भारतीयों को मान-सम्मान चाहिए। वह अपने अधिकार के लिए लड़ने को तैयार नहीं है। बीजेपी ने हमेशा इस समाज को सम्मान दिया है।

# एसएसएलवी की तीसरी उड़ान सफल

## देश को नया रॉकेट मिला

**श्रीहरिकोटा।** इसरो ने शुक्रवार को अपने सबसे छोटे रॉकेट लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) से दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। इस मिशन के तहत एसएसएलवी की तीसरी और अंतिम डेवलपमेंटल उड़ान सफल रही, जिससे देश को नया ऑपरेशनल रॉकेट भी मिल गया। इसरो ने बताया, भू प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-08 और एसआर-ओ डेमोसैट उपग्रह का इस्तेमाल उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा और पर्यावरण निगरानी, आग लगने का पता लगाने और ज्वालामुखी गतिविधि प्रेक्षण जैसे कई कार्यों में किया जाएगा। एसएसएलवी-डी3-ईओएस-08 मिशन के प्रक्षेपण से पूर्व साढ़े छह घंटे की उल्टी गिनती गुरुवार देर रात दो बजकर 47 मिनट पर शुरू हुई। इसके समाप्त होते ही रॉकेट को पूर्व निर्धारित समयानुसार सुबह नौ बजकर 17 मिनट पर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से प्रक्षेपित किया गया।

### एसएसएलवी का उत्पादन बढ़ेगा

इसरो ने कहा, एसएसएलवी की तीसरी डेवलपमेंटल उड़ान सफल रही। एसएसएलवी-डी3 ने ईओएस-08 को कक्षा में सटीक रूप से स्थापित किया। यह इसरो की एसएसएलवी विकास परियोजना के सफल समापन का प्रतीक है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करने के अलावा भारतीय उद्योग और न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड अब वाणिज्यिक मिशन के लिए एसएसएलवी का उत्पादन करेंगे।

### इस तरह अलग हुए पेलोड



लगभग 10-12 मिनट की उड़ान के बाद, प्राथमिक भू प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-08 यान से सफलतापूर्वक अलग हो गया। कुछ ही मिनट में स्पेस किड्ज़ इंडिया द्वारा विकसित 200 ग्राम वजनी एसआर-ओ-डेमोसैट उपग्रह भी अलग हो गया।

बधाइयां

ईओएस-08 उपग्रह के प्रक्षेपण के साथ तीसरी डेवलपमेंटल उड़ान एसएसएलवी-डी3 सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। रॉकेट ने अंतरिक्षयान को योजना के अनुसार निर्धारित कक्षा में एकदम सटीकता से स्थापित कर दिया है। हम एसएसएलवी प्रौद्योगिकियों को उद्योगों को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया में हैं और इसलिए यह एक बहुत अच्छी शुरुआत है।

**- एस सोमनाथ, इसरो अध्यक्ष**

हमारे वैज्ञानिकों और उद्योग जगत को बधाई। यह बहुत खुशी की बात है कि भारत के पास अब एक नया प्रक्षेपण यान है। किफायती एसएसएलवी अंतरिक्ष मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और निजी उद्योग को भी प्रोत्साहित करेगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

एसएसएलवी-डी3 के प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई। इससे पर्यावरण निगरानी और आपदा प्रबंधन में मदद मिलेगी तथा पृथ्वी के संसाधनों के संरक्षण में मजबूती आएगी। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मानवता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

नकदी पर निर्भरता घटेगी और बच्चों के खर्च पर अधिक नियंत्रण की सुविधा मिलेगी

# एक खाते से कई लोग कर सकेंगे यूपीआई भुगतान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अगर आप यूपीआई का इस्तेमाल करते हैं तो अब आपके यूपीआई का इस्तेमाल आपके साथ आपके परिवार के सदस्य भी कर सकते हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने अपने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म पर यूपीआई सर्किल-डेलीगेट पेमेंट्स नामक एक नई सुविधा शुरू की है। हाल ही में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस सुविधा को शुरू करने का ऐलान किया था। यह सुविधा प्राइमरी खाताधारक को परिवार के सदस्यों या परिचितों जैसे अन्य उपयोगकर्ताओं को अपने खाते से यूपीआई के जरिये लेनदेन के अधिकार सौंपने से जुड़ी है। प्रथम खाताधारक जिन लोगों को चाहें उन्हें अपने खाते से पूर्ण या आंशिक भुगतान का अधिकार सौंप सकता है। यूपीआई सर्किल-डेलीगेट पेमेंट्स का उद्देश्य उन लोगों को इस सेवा को मुहैया कराना है जिनके पास डिजिटल लेन-देन का विकल्प नहीं है। साथ ही यह परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों को डिजिटल रूप से लेन-देन करने का एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करके बैंकिंग और गैर-बैंकिंग उपयोगकर्ताओं के बीच की खाई को पाटने का प्रयास है।

### नकदी पर निर्भरता कम होगी

इस सुविधा से लोगों की नकदी पर निर्भरता कम होगी है और माता-पिता को अपने परिवार के लोगों और बच्चों के खर्च पर अधिक निगरानी और नियंत्रण रखने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए अधिकतम मासिक सीमा 15,000 रुपए तक है। जबकि अधिकतम लेनदेन सीमा 5,000 रुपये है। यूपीआई सर्कल उन यूजर को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिनका अपने वित्त पर सीधा नियंत्रण नहीं हो सकता है, लेकिन फिर भी उन्हें डिजिटल भुगतान करने की क्षमता की आवश्यकता होती है। पहले ही बता दें कि ये सुविधा केवल बचत खाते पर मिलने वाली है। क्रेडिट कार्ड या अन्य लोन अकाउंट पर यह सुविधा नहीं दी जाएगी। इसमें मुख्य खाता जिसका होगा, वह इसे पूरी तरह नियंत्रित कर पाएगा। वह किसी को भी इजाजत दे सकता है।

# डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या में सहकर्मी शामिल

## कोलकाता रेप-मर्डर केस : पूर्व प्रिंसिपल सीबीआई हिरासत में

**एजेंसी । कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में कथित रूप से दुष्कर्म और हत्या का शिकार बनी महिला डॉक्टर के माता-पिता ने सीबीआई को बताया कि मेडिकल कॉलेज के ही कुछ इंटर्न और डॉक्टर अपराध में शामिल थे। एक सीबीआई अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने हमें अस्पताल में अपनी बेटी के साथ काम करने वाले कुछ इंटर्न और डॉक्टरों के नाम भी दिए हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। सीबीआई अधिकारी ने कहा, माता-पिता ने हमें बताया कि उन्हें अपनी बेटी के उत्पीड़न और हत्या के पीछे कई लोगों के शामिल होने का संदेह है। अधिकारी ने कहा कि वे कोलकाता पुलिस द्वारा उन डॉक्टरों और अधिकारियों से पूछताछ को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो जांच का हिस्सा थे।

**जांच में 30 नाम पर ध्यान केंद्रित :** अधिकारी ने कहा, हमने कम से कम 30 नामों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिन्हें हम पूछताछ के लिए बुलाएंगे। हमने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। सीबीआई ने शुक्रवार को एक हाउस स्टाफ, दो पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी (पीजीटी) को पूछताछ के लिए भी बुलाया, जो उस रात महिला डॉक्टर के साथ ड्यूटी पर तैनात थे। इससे पहले, सीबीआई के अधिकारियों ने गुरुवार रात को ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी से भी जानकारी ली।

**आरोपी को अपराध के स्थान पर ले जाया गया :** महिला डॉक्टर का शव नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल के सेमिनार कक्ष में मिला था। पुलिस ने इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक सूत्र ने कहा कि सीबीआई क्राइम सीन को समझने के लिए शुक्रवार को आरोपी को लेकर अपराध के स्थान पर भी पहुंची।

# इजरायल ने फिर गाजा में इलाके खाली करने का दिया आदेश

## 40000 हजार से ज्यादा मौतें हो चुकी ● अब तक 1.86 लाख है मृतकों का आंकड़ा

**एजेंसी । यरुशलम**

इजरायली सेना ने शुक्रवार को दक्षिणी और मध्य गाजा के कई इलाकों को खाली करने का आदेश दिया। इसमें खान यूनुस के कुछ क्षेत्र और दीर अल-बलाह का इलाका भी शामिल है। इन क्षेत्रों में अल करारा, मुवासी, अल-गला, हम्द सिटी और अल नस्र का नाम है। सेना का कहना है कि इन इलाकों का इस्तेमाल हमास आतंकी सेना पर मोर्टार और रॉकेट हमले के लिए कर रहे हैं। ये वहीं क्षेत्र हैं, जिन्हें इजरायल ने शरणार्थियों को शरण लेने के लिए मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। सेना ने यहां पर्चे गिराए और मोबाइल संदेश भी भेजे गए हैं। इन क्षेत्रों में अन्य इलाकों से आए लाखों लोगों ने शरण ले रखी है।

**23 की आबादी में से ज्यादातर कई बार विस्थापित :** गाजा युद्ध में यहां की 23 लाख आबादी में से लाखों लोग एक बार नहीं पांच से आठ बार विस्थापन का दर्द झेल चुके हैं। मानवीय सुरक्षा क्षेत्रों के रूप में नामित क्षेत्रों में भी इजरायली हमलों से मौतों की खबरें आ रही हैं। इजरायल का कहना है कि हमास आतंकी आम लोगों के बीच छिपकर गुरिल्ला युद्ध नीति के तहत लड़ाई लड़ रहे हैं।

### हिजबुल्ला ने जारी किया वीडियो

तेहरान के आतंकी संगठन हिजबुल्ला ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि वह भूमिगत सुरंगों से मिसाइल दागने के लिए तैयार है। यहां कई ट्रकों पर मिसाइल लदी हैं। हिजबुल्ला के पास विभिन्न प्रकार और रेंज के हजारों रॉकेट और मिसाइल हैं, हिजबुल्ला का कहना है कि हम इजरायल में कहीं भी हमला कर सकते हैं।

### दोहा में संघर्ष विराम वार्ता जारी

अमेरिका, कतर आदि देशों की मध्यस्थता में शुक्रवार को दोहा में हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम वार्ता दूसरे दिन भी जारी रही। मिस्र के विदेशी मंत्री बदर अब्देलती ने कहा कि हम तनाव कम करने को लेकर काम कर रहे हैं।